


# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026




वर्ष 36 अंक 73 | कोरबा, शनिवार , दिनांक 14 दिसम्बर 2024 डाक 15 दिसम्बर 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए




## मान गए शिंदे! कैबिनेट विस्तार पर बन गई बात

### शपथ ग्रहण समारोह का समय और स्थान भी हुआ फिक्स



**मुंबई, 14 दिसम्बर [एजेंसी]।**

महाराष्ट्र में कैबिनेट विस्तार को लेकर महायुति में खटपट की अटकलों पर अब जल्द विराम लगने वाला है। दरअसल, भाजपा के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार का दिन तय हो गया है। माना जा रहा है कि शिंदे गुट जो कुछ कैबिनेट मंत्रालयों पर अड़ा हुआ था, उसे मना लिया गया है।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि 15 दिसंबर को महाराष्ट्र सरकार का कैबिनेट विस्तार होगा। नए मंत्री नागपुर में एक समारोह में पद की शपथ लेंगे। भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने शुक्रवार को प्रेस एजेंसी पीटीआई को बताया कि 30-32 मंत्री शपथ ले सकते हैं। राज्य विधानमंडल का एक सप्ताह तक चलने वाला शीतकालीन सत्र 16 दिसंबर को नागपुर में शुरू होने वाला है। देवेंद्र फडणवीस ने 5 दिसंबर को मुंबई में एक भव्य समारोह में शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे और एनसीपी प्रमुख अजित पवार के साथ मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। महाराष्ट्र में मंत्रिपरिषद में मुख्यमंत्री सहित अधिकतम 43 सदस्य हो सकते हैं।इस बीच राज्य भाजपा प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले ने शुक्रवार को कैबिनेट गठन को अंतिम रूप देने के लिए उपमुख्यमंत्री शिंदे और अजित पवार से अलग-अलग मुलाकात की।

## तिरुपति लड्डू विवाद की जांच कर रही एसआईटी पहुंची श्री वेंकटेश्वर मंदिर, इन जगहों का किया निरीक्षण



**तिरूमाला, 14 दिसम्बर [एजेंसी]।**

आंध्र प्रदेश में छह सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) ने पिछली वाईएसआरसीपी सरकार के दौरान श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर के लड्डू प्रसाद में मिलावट के आरोपों की जांच शुरू कर दी है। इसी क्रम में, शनिवार सुबह टीम श्री वेंकटेश्वर मंदिर का निरीक्षण करने पहुंची।

उसने मंदिर के विभिन्न हिस्सों और यहां तक कि रसोई की भी जांच की, जहां पवित्र तिरुमाला श्रीवारी लड्डू प्रसादम बनाया जाता है। वहीं, एसआईटी ने आटा मिल और प्रयोगशाला का निरीक्षण किया, जहां लड्डुओं की गुणवत्ता जांच की जाती है। तीन हफ्ते पहले पवित्र प्रसाद में इस्तेमाल किए गए घी में मिलावट की जांच करने के लिए एक एसआईटी टीम तिरुपति आई थी। टीम तिरुपति और तिरुमाला में विस्तृत जांच कर रही थी। जांच का उद्देश्य मिलावट मामले के बारे में पूरी जानकारी जुटाना है।

## किसान आज फिर शुरू करेंगे दिल्ली चलो मार्च

**चंडीगढ़।** किसान फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी और ऋण माफी समेत कई मांगों के लिए शनिवार को अपना दिल्ली चलो पैदल मार्च फिर से शुरू करने जा रहे हैं। पैदल मार्च में 101 किसानों का एक समूह शामिल होगा जो राष्ट्रीय राजधानी की ओर बढ़ रहा है। विरोध प्रदर्शन को अब तक 10 महीने पूरा हो चुके हैं। सुरक्षा बलों द्वारा दिल्ली की ओर बढ़ने के उनके प्रयासों को रोकने के बाद, किसान 13 फरवरी से पंजाब और हरियाणा के बीच शंभू और खनौरी सीमाओं पर डेरा डाले हुए हैं। विरोध प्रदर्शन संयुक्त किसान मोर्चा और किसान मजदूर मोर्चा के बैनर तले किया जा रहा है।

## गुरुद्वारा श्री फतेहगढ़ साहिब में नतमस्तक हुए सिंगर दिलजीत दोसांझ

### चंडीगढ़ के कॉन्सर्ट से पहले टेका मत्था



**फतेहगढ़ साहिब।** शनिवार सुबह करीब 5 बजे पंजाबी कलाकार और गायक दिलजीत दोसांझ अपने चंडीगढ़ शो से पहले गुरुद्वारा श्री फतेहगढ़ साहिब में नतमस्तक हुए। उन्होंने माता गुजर कौर जी और छोटे साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की याद में बने गुरुद्वारा श्री फतेहगढ़ साहिब में माथा टेका।फिल्म स्टार दिलजीत प्रभात के समय गुरु घर में आए। दिलजीत ने कड़ी सुरक्षा में गुरु घर में कीर्तन श्रवण किया। वहीं उन्होंने सिर झुकाते हुए बलिदानियों को नमन करके माता गुजर कौर और छोटे साहिबजादों को श्रद्धांजलि भेंट की। उन्होंने सरहिंद की उस दीवार के दर्शन भी किए जहां छोटे साहिबजादों को जिंदा चिनवा दिया गया था। वे ठंडा बुर्ज में भी माथा टेकने गए। इस जगह पर माता गुजर कौर जी की शहादत हुई थी। इस लासानी शहादत को याद करके दिलजीत भावुक भी दिखाई दिए।

## नशेड़ी एक साल से बैठे हैं, बीजेपी सांसद ने किसानों के लिए दिया विवादित बयान, मचा बवाल

**हिसार, 14 दिसम्बर [एजेंसी]।**



बॉर्डर पर दिल्ली कूच के लिए बैठे पंजाब के किसानों को नशेड़ी कहने पर राज्यसभा सदस्य रामचंद्र जांगड़ा की किसान-मजदूर संगठन और इनेलो ने निंदा की है। उन्होंने आंदोलन के पीछे ह्यूमन ट्रैफिकिंग होने का आरोप लगाया। उनके इस बयान से राजनीति गरमा गई है। इनेलो पार्टी की महिला प्रकोष्ठ की प्रधान महासचिव एवं हिसार जिला प्रभारी सुनैना चौटाला ने कहा कि उनको किसानों से माफी मांगनी चाहिए। इधर, शंभू बॉर्डर पर पंजाब किसान मजदूर संघर्ष समिति के प्रधान सरवन सिंह पंढेर ने भी बयान पर निंदा प्रकट की। दरअसल, सदस्य रामचंद्र जांगड़ा वीरवार को महम में थे। जांगड़ा ने किसान आंदोलन को लेकर विवादित बयान दिया था कि टिकरी व सिंघु बॉर्डर पर पंजाब के नशेड़ी एक साल बैठे हैं।

आंदोलन के पर्दे के पीछे कुछ गलत लोग ह्यूमन ट्रैफिकिंग करने वाले आ गए हैं। उन्होंने कहा कि आंदोलन के दौरान टिकरी और सिंघु बॉर्डर के गांवों से 700 लड़कियां गायब हुईं। आंदोलन के नाम पर कुछ लोग चंदा उगाही कर रहे हैं। उन्होंने राकेश टिकैत और गुरनाम सिंह चढूनी पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि लोगों को समझना चाहिए कि किसान संगठनों की तरफ से एक बयान भी आया था कि हमने कांग्रेस के लिए माहौल तैयार किया था। अब जांगड़ा के बयान पर इनेलो और किसान संगठनों ने मोर्चा खोल दिया है।

## तमिलनाडु कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ईवीकेएस एलंगोवन का अस्पताल में निधन, लंबे समय से थे बीमार



**चेन्नई 14 दिसमबर।** तमिलनाडु कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ईवीकेएस एलंगोवन का आज चेन्नई के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। पार्टी ने बताया कि फेफड़ों से संबंधित समस्या के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था और दो सप्ताह से अधिक समय से उनका इलाज चल रहा था। वह इरोड पूर्व निर्वाचन क्षेत्र के विधायक के रूप में कार्यरत थे। उन्होंने पहले तमिलनाडु में गोपीसेतिपालयम लोकसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया था और 2004 और 2009 के बीच प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह सरकार में केंद्रीय कपड़ा मंत्री थे।

## वरिष्ठ भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी अस्पताल में भर्ती, अपोलो अस्पताल में चल रहा इलाज



**नईदिल्ली, 14 दिसम्बर [एजेंसी]।**

वरिष्ठ भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी की तबीयत बिगड़ गई है, जिसके बाद उन्हें दिल्ली स्थित अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, लालकृष्ण आडवाणी को रूटीन चेकअप के लिए अपोलो अस्पताल ले जाया गया। वह फिलहाल डॉक्टर्स की निगरानी में हैं और उनकी हालत स्थिर है। इससे पहले इस साल अगस्त महीने में भी आडवाणी को अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जुलाई में भी देश के पूर्व गृह मंत्री लालकृष्ण आडवाणी को दिल्ली के एम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया था। एम्स में डॉ. अमलेश सेठ की निगरानी में उनका इलाज किया गया था। उस वक्त आडवाणी को यूरोलॉजी विभाग में भर्ती कराया गया था। लालकृष्ण आडवाणी का जन्म 8 नवंबर, 1927 को पाकिस्तान के कराची में हुआ था। बीती 8 नवंबर को ही अडवाणी ने अपना 98वां जन्मदिन मनाया है।

आडवाणी साल 2002 से 2004 तक भारत के उप प्रधानमंत्री और 1999 से 2004 तक केंद्रीय गृह मंत्री रहे। लाल कृष्ण आडवाणी को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मार्च में उनके आवास पर जाकर आडवाणी को यह सम्मान प्रदान किया। इस सम्मान समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह और आडवाणी के परिवार के सदस्य मौजूद रहे।

## पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष की जमानत के विरोध में आज होगा प्रदर्शन, जूनियर डॉक्टर निकालेंगे रैली

**कोलकाता, 14 दिसम्बर ।**



कोलकाता के सरकारी आरजी कर मेडिकल कालेज एवं हास्पिटल की महिला चिकित्सक के साथ दरिंदगी की घटना में गिरफ्तार अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष व स्थानीय टाला थाना के पूर्व प्रभारी अभिजीत मंडल को शुक्रवार को कोर्ट ने जमानत दे दी। इसके विरोध में आद दिन भर प्रदर्शन के आसार जताए जा रहे हैं। दोपहर 2 बजे शनिवार को, डब्ल्यूबीजेडीएफ, (वेस्ट बंगाल जूनियर डॉक्टर फ्रंट) केंद्र सरकार कार्यालय (सीजीओ) परिसर में सीबीआई की विशेष अपराध इकाई के कार्यालय तक एक विरोध रैली आयोजित करेगा, जिसमें मांग की जाएगी कि केंद्रीय एजेंसी इस मामले में अपनी विफलता के लिए नैतिक जिम्मेदारी ले।

साथ ही विभिन्न क्षेत्रों के आम लोगों का एक संयुक्त मंच अभय मंच शनिवार दोपहर को मध्य कोलकाता के रानी रशमोनी रोड पर एक विरोध प्रदर्शन का आयोजन करेगा। घोष का प्रतिनिधित्व करने वाले एक वकील ने बताया कि सियालदह अदालत के अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एसीजेएम) ने दोनों आरोपितों को 2000 रुपये के निजी मुचलके पर जमानत दे दी, क्योंकि उनके खिलाफ अनिवार्य 90 दिनों की अवधि के भीतर सीबीआई की ओर से चार्जशीट दायर नहीं की गई थी।

## जेल से रिहा होते ही अल्लू अर्जुन ने गिरफ्तारी पर तोड़ी चुप्पी, कहा- जो कुछ हुआ उसके लिए...सॉरी



**हैदराबाद, 14 दिसम्बर [एजेंसी]।**

हैदराबाद में संध्या थिएटर भगदड़ मामले में शुक्रवार को अल्लू अर्जुन को गिरफ्तार किया गया था और 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। शनिवार को अभिनेता को अंतरिम बेल मिलने के बाद रिहा कर दिया गया। जेल से निकलते ही अभिनेता ने इस मामले पर रिएक्शन दिया है। उन्होंने सॉरी बोलते हुए पीड़िता के परिवार को लेकर बयान दिया है। दरअसल, 4 दिसंबर को पुष्पा 2 के प्रीमियर में अल्लू अर्जुन हैदराबाद के संध्या थिएटर में आए थे। अपने फेवरेट स्टार को देखते ही उनके दर्शक बेकाबू हो गए और भगदड़ के चलते एक महिला की मौत हो गई थी। पीड़िता के परिवार ने इस मामले में एफआईआर भी दर्ज कराई थी। 13 दिसंबर को इस मामले में अल्लू अर्जुन को गिरफ्तार कर लिया गया था। बाद में पीड़िता के परिवार ने अभिनेता को रिहा करने की मांग की थी।

अल्लू अर्जुन की गिरफ्तारी के बाद ही लोअर कोर्ट ने उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था लेकिन हाई कोर्ट ने 50 हजार के पर्सनल बॉन्ड के तहत अंतरिम जमानत दे दी थी। मगर जेल अथॉरिटीज ने यह कहकर उन्हें शुक्रवार को रिहा नहीं किया कि कागजात उनके पास लेट पहुंचे थे। शनिवार की सुबह अल्लू अर्जुन जेल से बाहर हो गए और अब उन्होंने पहली बार इस मामले पर चुप्पी तोड़ी है। जेल से निकलते ही अल्लू अर्जुन ने बयान जारी करते हुए पीड़िता के परिवार के प्रति संवेदनाएं जाहिर की हैं और उस घटना को लेकर माफी मांगी है।

अभिनेता ने कहा, मैं अपने सभी चाहने वालों को धन्यवाद करना चाहता हूं। चिंता की कोई बात नहीं है। मैं एक बार फिर परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करना चाहता हूं। यह एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना थी। जो कुछ हुआ उसके लिए हमें खेद है। जैसे ही अल्लू अर्जुन को चंचलगुडा जेल भेजा गया, जेल के बाहर उनके चाहने वालों ने प्रदर्शन शुरू कर दिया था और उन्हें बाहर निकालने की डिमांड करने लगे थे। सेलिब्रिटीज भी अभिनेता के सपोर्ट में बोल पड़े थे।

## कोरोना काल में घपला करने वाले अधिकारी नपे 167 करोड़ का नुकसान पहुंचाने पर हुई एफआईआर

**बेंगलुरु।** कोरोना महामारी के दौरान कथित गड़बड़ियों के आरोप में कई सरकारी अधिकारियों और निजी कंपनियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। आरोप हैं कि कर्नाटक में हुई इस धोखाधड़ी के चलते राज्य के खजाने को 167 करोड़ रुपये का भारी नुकसान हुआ है। आरोप चिकित्सा कर्मियों के लिए व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (पीपीई) किट और एन95 मास्क की अवैध खरीद से जुड़ा है। चिकित्सा शिक्षा निदेशालय (डीएमई) के मुख्य लेखा अधिकारी डॉ. एम. विष्णुप्रसाद द्वारा दर्ज की गई शिकायत में डीएमई के पूर्व निदेशक और कुछ निजी कंपनियों के प्रबंधन सहित प्रमुख हस्तियों के खिलाफ आरोप लगाए गए हैं। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है, लेकिन इसमें शामिल किसी भी राजनीतिक व्यक्ति या उच्च पदस्थ अधिकारी का नाम नहीं लिया है। हालांकि, नेताओं के इसमें संलिप्त होने की संभावना अधिक जताई जा रही है।शिकायत में आरोप लगाया गया है कि 2020 में जब कोरोना संकट चरम पर था तब चिकित्सा शिक्षा विभाग ने आवश्यक चिकित्सा आपूर्ति खरीदते समय किसी कानूनी खरीद प्रक्रियाओं का पालन नहीं हुआ। 18 अगस्त 2020 को राज्य सरकार ने 17 सरकारी कॉलेजों और एक सुपर-स्पेशियलिटी अस्पताल में डॉक्टरों और चिकित्सा कर्मचारियों के लिए 2.59 लाख एन95 मास्क और इतनी ही संख्या में पीपीई किट खरीदने की अनुमति दी थी, जिसमें ये भ्रष्टाचार हुआ। सरकारी आदेशों के बावजूद, खरीद प्रक्रिया में कई स्तरों पर कथित तौर पर अनियमितताएं देखी गईं। पीपीई किट की आपूर्ति के लिए निविदा प्रक्रिया प्रदान की गई थी।

## भिलाई में 85 संदिग्ध गिरफ्तार बांग्लादेशी होने की आशंका

*भिलाई 14 दिसम्बर।* *छत्तीसगढ़ में छिपकर रह रहे बांग्लादेशियों को लेकर प्रदेश सरकार एक्शन मोड में है। प्रदेश के अलग-अलग जिलों की फैक्ट्रियों और ठिकानों पर पुलिस की टीम दबिश देकर बाग्लादेशी नागरिकों की तलाश कर रही है। इसी बीच खबर आ रही हे कि भिलाई के 4 अलग-अलग थाना क्षेत्रों से 85 संदिग्धों की पहचान की गई है। फिलहाल पुलिस सभी से पूछताछ कर रही है। हाल ही में गृह मंत्री विजय शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया था कि 800 से अधिक बांग्लादेशियों को बाहर भेजा गया है। मिली जानकारी के अनुसार बांग्लादेशी नागरिकों की तलाशी अभियान के दौरान मिले 85 संदिग्धों को पुलिस ने संदेह के आधार पर नोटिस दिया है।*









### सरकार ने धान विक्रय की प्रक्रिया बनाई है बहुत सरल

# किसान सोनाराम ने बेचा 60 क्विंटल धान उसे मिला मेहनत का वाजिब दाम

### धान का समर्थन मूल्य 3100 रुपए पा कर खुश हैं किसान





कोरबा। कोरबा जिला के बुंदेली गाँव के किसान सोनाराम की मेहनत ने उसे खुशहाल बना दिया। किसान के परिवार ने इस वर्ष 05 एकड़ कृषि भूमि में मेहनत करके 60 क्विंटल धान का उत्पादन किया है। सोनाराम ने 60 क्विंटल धान बेचा और समर्थन मूल्य 3100 रुपये प्रति क्विंटल पर बेहतर मुनाफा कमाया। पहले जहां किसानों को खरीदी केंद्रों में भारी भीड़ और परेशानियों का सामना करना पड़ता था, वहीं अब सरकार की योजनाओं ने उसे काफी राहत दी है।

किसान सोनाराम ने बताया कि धान उपार्जन केंद्रों पर किसानों के लिए अब पेयजल, छांव और सुलभ शौचालय जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं, जो उनकी मेहनत को और भी आसान बनाती हैं। पहले जहां किसानों को धान बेचने की प्रक्रिया में कई कठिनाइयाँ आती थीं, अब सरकार ने इसे सरल बना दिया है। सोनाराम जैसे किसान अब घर बैठे मोबाइल से एंड्रॉयड ऐप टोकन तुहर हाथ के माध्यम से टोकन प्राप्त कर सकते हैं, जिससे उन्हें केंद्र पर पहुंचने में समय की बचत होती है और प्रक्रिया में कोई कठिनाई नहीं आती। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि धान विक्रय का भुगतान अब किसानों को जल्दी और सही समय पर मिल रहा है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हो रही है। सोनाराम और उसके जैसे किसानों के चेहरे खुशी से खिल गए हैं, क्योंकि उन्हें उनका मेहनत का पूरा दाम मिल रहा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के सुशासन में धान के सही दाम सही समय पर मिलने से किसान अब बेहतर भविष्य की ओर आशा से देख रहे हैं।

## जिला पंचायत सदस्य एवं जनपद पंचायतों के लिये प्रवर्गवार आरक्षण 19 दिसंबर को

### ग्राम पंचायतों में सरपंच एवं वार्ड पंच का आरक्षण 17 दिसंबर को

कोरबा। त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2024-25 के लिये प्रवर्गवार आरक्षण की कार्यवाही की सूचना जारी कर दी गई है। पंचायतों के आम निर्वाचन के लिये जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत के सदस्य/अध्यक्ष एवं सभी ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं वार्ड के पंच पदों के प्रवर्गवार एवं महिलाओं के प्रवर्गवार स्थानों के आबंटन/आरक्षण की कार्यवाही की जाएगी।

जिला पंचायत कोरबा के निर्वाचन क्षेत्र के सदस्यों के लिये आबंटन/आरक्षण की कार्यवाही 19 दिसंबर गुरूवार को प्रातः 11 बजे से कलेक्ट्रेट कोरबा सभाकक्ष में होगा।

इसी प्रकार जनपद पंचायतों के अध्यक्ष एवं सदस्य के लिये भी आबंटन/आरक्षण की कार्यवाही 19 दिसंबर गुरूवार को प्रातः 11 बजे से कलेक्ट्रेट कोरबा सभाकक्ष में होगा। कोरबा जनपद पंचायत में शामिल सभी ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं वार्ड पंचों के आरक्षण की कार्यवाही 17 दिसंबर मंगलवार को प्रातः 10:30 बजे से जनपद पंचायत कोरबा के सभाकक्ष में होगी। करतला जनपद की ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं वार्ड पंचों का आरक्षण की कार्यवाही 17 दिसंबर को सुबह 10:30 बजे से करतला जनपद पंचायत कार्यालय के सभाकक्ष में होगा।

कटघोरा जनपद पंचायत में शामिल सभी ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं वार्ड पंचों के आरक्षण की कार्यवाही 17 दिसंबर को सुबह 10:30 बजे से कटघोरा जनपद पंचायत कार्यालय के सभाकक्ष में होगा। पाली जनपद की ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं वार्ड पंचों का आरक्षण कार्यवाही 17 दिसंबर को सुबह 10:30 बजे से पाली जनपद पंचायत कार्यालय के सभाकक्ष में होगा और पोड़ीउपरोड़ा जनपद की ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं वार्ड पंचों का आरक्षण 17 दिसंबर को सुबह 10:30 बजे से पोड़ी-उपरोड़ा जनपद पंचायत कार्यालय के सभाकक्ष में होगा। उपरोक्त आरक्षण की कार्यवाही में साक्ष्य के रूप में आम नागरिक उपस्थित हो सकते हैं।

## चचिया समिति में प्रबंधक भर्ती हेतु सूची जारी

कोरबा । जिला वनोपज सहकारी यूनियन मर्यादित, कोरबा के अंतर्गत आने वाले प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति मर्यादित चचिया के रिक्त प्रबंधक पद में भर्ती हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे। उक्त आवेदन पत्रों में पात्र-अपात्रों की सूची जिला यूनियन कार्यालय कोरबा वनमण्डल कोरबा एवं समिति कार्यालय में चस्पा की गई थी। इस सम्बंध में 05 सितंबर से 20 सितंबर 2024 तक दावा आपत्ति आमंत्रित किया गया था। निर्धारित अवधि में प्राप्त दावा आपत्ति के निराकरण कर सूची वनमण्डल कार्यालय के सूचना पटल में चस्पा की गई है। अभ्यर्थी वनमंडल कार्यालय के सूचना पटल में सूची का अवलोकन कर सकते है।

## जिला स्तरीय युवा उत्सव आयोजन वर्ष 2024-25

### 14 दिसम्बर को 15 से 29 आयुवर्ग के प्रतिभागियों हेतु जिला स्तर पर होगा आयोजन

कोरबा । खेल एवं युवा कल्याण विभाग कोरबा द्वारा राज्य के युवाओं को कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में अधिक से अधिक अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी विभाग के द्वारा युवा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें आयु वर्ग 15 से 29 वर्ष आयु तक के प्रतिभागियों हेतु युवा उत्सव जिला स्तर पर आयोजन 14 दिसम्बर 2024 को सुबह 09 बजे से विद्युत गृह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक -01, में आयोजित किया जाना है। आयोजन में 13 विधाएं है। जिनमें सामूहिक लोक नृत्य, सामूहिक लोक गीत, व्यक्तिगत लोक नृत्य, व्यक्तिगत लोक गीत, कहानी लेखन, चित्रकला, वक्तृत्व कला/तात्कालिक भाषण, कविता, विज्ञान मेला, हस्तशिल्प, टैक्सटाईल, कृषि उत्पाद, रॉकबैंड को शामिल किया गया है। आयोजन में सभी विकासखण्डों के विजेता प्रतिभागी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

# सुशासन का एक साल छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल



कोरबा । प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के कुशल नेतृत्व एवं राज्य सरकार के 01 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में ''सुशासन का एक साल छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल'' की थीम पर जिला जनसंपर्क कार्यालय द्वारा सीएसईबी फुटबॉल मैदान में छायाचित्र प्रदर्शनी लगाई गई।

सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत जिले में पिछले एक वर्ष में हुए महत्वपूर्ण कार्य एवं जिले की उपलब्धियों को छायाचित्रों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। बड़ी संख्या में लोगों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। आमजनों को महतारी वंदन योजना, जल जीवन मिशन अंतर्गत लगे नल, पहाड़ी कोरवाओं के युवा बेरोजगारों को नौकरी मिलने के बाद हुए सकारात्मक परिवर्तन एवं अन्य योजनाओं के लाभ से जीवन में आए बदलाव को बताया गया।

साथ ही शिविर में जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित सुशासन के नवीन आयाम विकास पथ पर अग्रसर छत्तीसगढ़, उदित छत्तीसगढ़ सशक्त नेतृत्व से प्रगति का स्वर्णिम युग, मासिक पत्रिका जनमन, रोजगार और नियोजन सहित अन्य ब्रोसर, पाम्पलेट व पत्रिकाओं का वितरण भी किया गया।

# 28 फरवरी 2025 तक पशु/पक्षियों के सर्वे का पूरा करना है काम

### 21वीं पशुधन संगणना के तहत किया जा रहा है सर्वे

कोरबा । देश में 21वीं पशुधन संगणना का काम शुरू हो गया है। जिले में भी माह अक्टूबर से इसकी शुरूआत हो गई है। पशु संगणना देश में हर पांच साल में की जाती है। यह पशुपालन क्षेत्र में नीति निर्माण और विभिन्न कार्यक्रमों के कार्यान्वयन के लिए जरूरी होता है। इससे देशभर के पालतू पशुओं और पक्षियों के बारे में विस्तृत आंकड़े एकत्र किए जाते हैं। फिर इसी आधार पर सरकार आने की योजनाएं बनाती है और बजट तैयार किया जाता है।

28 फरवरी तक सर्वे का काम पूरा करना है। जिले में सुपर वाइजरों और प्रगणकों की टीम बनाई गई है जो घर-घर जाकर पशुपालकों और उनके पास कौन-कौन से पालतू पशुधन हैं, इसकी जानकारी जुटाएंगे। पहली बार सर्वे ऑफलाइन के अलावा ऑनलाइन मोड में भी हो रही है। प्रगणक मोबाइल एप में डाटा फीड कर रहे हैं। सर्वे में आवारा व पालतू दोनों पशुधनों का अलग-अलग रिकार्ड दर्ज किया जाएगा। किस गांव में कितने गाय, बैल, भैस, बकरी, सूअर, आवारा मवेशी और श्वान है, इसका अलग-अलग रिकार्ड तैयार किया जाएगा। इसके अलावा इस बार चरवाहा समूह भी अलग से तैयार किया जाएगा।

इनमें उन पशुधन का रिकार्ड अलग से बनेगा जो जिले में बाहर से पशु-पक्षी लेकर आते हैं जैसे ईट भट्टों में काम के लिए एमपीके लोग खच्चर लेकर जिले में आते हैं। इसी तरह ऊंट, भेड़, हाथी बाहर से लेकर आने वाले पशुधनों की गणना भी इस बार होगी। इससे पहले तक इनकी गणना नहीं की जाती थी। इसके लिए सभी सुपरवाइजर और प्रगणकों को ट्रेनिंग दी गई थी। जिले में कुल 16 प्रजाति के पशु-पक्षियों की गणना हो रही है। इसमें पहली बार ऐमू पक्षी को भी शामिल किया गया है। कुल 16 प्रजातियों में गाय, भैंस, बकरी, सुअर, ऊंट, घोड़ा, खच्चर, गधा, श्वान, खरगोश, याक, हाथी, बतख, टर्की, बटेर, गिनी फाउल, शूतुरमुर्ग और एमु जैसे पोल्ट्री पक्षियों की गिनती भी घर-घरेलू, उद्यमों, गैर घरेलू संस्था से होगी। सिर्फ तोता और मैना को संगणना में शामिल नहीं किया गया है।

## मदनपुर में अघारिया समाज का सम्मेलन आयोजित, बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए विधायक फूलसिंह राठिया

कोरबा। करतला अंतर्गत ग्राम मदनपुर में अघारिया समाज का सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि रामपुर विधायक रामपुर श्री फूलसिंह राठिया एवं धरमजयगढ़ विधायक श्री लालजीत राठिया शामिल हुए। सम्मेलन का शुभारंभ इष्टदेव की पूजा अर्चना कर की गई। अघरिया समाज के सदस्यों ने फूल मालाओं से अतिथियों का स्वागत किया।श्री राठिया ने कार्यक्रम में विशाल जन समूह को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि समाज के पूर्वजों ने जो रास्ता दिखाया उसमें हम सबको चलना है। आत्मसम्मान हेतु अभिव्यक्ति जरूरी है। आप सबको समाज के गौरवशाली इतिहास से गौरान्वित होना चाहिए। हम सबको सकारात्मक सोच के साथ समाज का सर्वांगीण विकास करना होगा।कार्यक्रम के दौरान अघारिया समाज के लोगों ने विधायक श्री राठिया को अवगत कराया कि उनको जाति प्रमाण पत्र बनवाने में समस्या हो रही है। समस्या पर उन्होंने लोगों को आश्वासन दिया कि इस मामले में प्रशासन से चर्चा कर समस्याओं को दूर किया जाएगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

## 15 दिसंबर को जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता का होगा आयोजन

कोरबा । खेल एवं युवा कल्याण विभाग, कोरबा द्वारा महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 15 दिसंबर 2024 को सुबह 09:00 बजे से विद्युत गृह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 01 में आयोजित किया जाएगा। प्रतियोगिता में 10 खेलों (एथलेटिक्स में 100 मी, 400 मी, तवा फेंक, खो-खो, हॉकी, बैडमिंटन, वॉलीबॉल, कुश्ती, बास्केटबॉल, फुटबॉल, वेटलिफ्टिंग, रस्साकसी) को सम्मिलित किया गया है। महिला खेल प्रतियोगिता अंतर्गत 02 आयुवर्ग 09.-18 वर्ष तक एवं 19-35 वर्ष तक महिला खिलाड़ियों को भाग लेने की पात्रता होगी। विकासखण्ड स्तर पर आयोजित खेलों के प्रथम स्थान प्राप्त खिलाड़ी/दल एवं संबंधित खेलों के खेल संघ यदि जिले में सक्रिय हैं तो उनके दल जिला स्तरीय आयोजन में सम्मिलित हो सकेंगे।



## बांकी मोगरा में युवा मोर्चा उपाध्यक्ष के कार्यालय का उद्घाटन किया :नरेन्द्र ने

कोरबा। वार्ड 16 के पार्षद एवं भाजयुमो महामंत्री नरेंद्र देवांगन शुक्रवार को विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में शामिल हुए।

इस दौरान उन्होंने बरपारा में भाजयूमो नेता दिनु यादव के जन्मोत्सव कार्यक्रम में शिरकत की। उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित कर बधाई दी।इसके बाद श्री देवांगन सुभाष ब्लॉक कोरबा पहुंचे थे, जहां आयोजित भाजयूमो नेता अनूप के वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल हुए और वर वधू को आशीर्वाद प्रदान कर सुखी जीवन की शुभकामनाएं दी। इसी तरह वे गेवरा बस्ती में बाँकीमोंगरा युवा मोर्चा उपाध्यक्ष रमेशवर के कार्यालय के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल हुए और विधिवत पूजा अर्चना कर बतौर मुख्य अतिथि कार्यालय का उद्घाटन किया।

श्री देवांगन इसके बाद ढेलवाडीह में खड़िया जी के यहाँ दशगात्र कार्यक्रम में सम्मिलित हुए और दिवंगत आत्मा के लिए शांति की प्रार्थना कर शोक संतप्त परिवार को ढाढस बंधाया।

# आंगनबाड़ी सहायिका की नियुक्ति आदेश जारी करने के एवज में सभापति पर रिश्वत मांगने का आरोप

कोरबा। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बरपाली परियोजना के आंगनबाड़ी केंद्रों में सहायिका के रिक्त पदों पर की जा रही भर्ती प्रक्रिया में मेरिट सूची जारी उपरांत चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति आदेश जारी करने के एवज में स्थाई समिति की सभापति पर 50 -50 हजार रुपए रिश्वत मांगे जाने की गम्भीर शिकायत सामने आई है। पूर्व जनपद अध्यक्ष 2 जनपद सदस्यों ने कलेक्टर से इसकी शिकायत की है। जनपद सदस्यों ने चयनित उम्मीदवारों को शीघ्र नियुक्ति दिलाने के साथ साथ सभापति पर कार्रवाई की मांग की है। उक्त शिकायत पत्र से खलबली मची है।

जनपद पंचायत करतला के अंतर्गत क्षेत्र क्रमांक 18 जर्वे के जनपद सदस्य लक्ष्मीन कंवर एवं क्षेत्र क्रमांक 23 के जनपद सदस्य श्यामलाल टण्डन के कलेक्टर को सौंपे शिकायत पत्र में उल्लेख किया है कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा करतला विकासखंड के बरपाली परियोजना में भी आंगनबाड़ी सहायिका के स्वीकृत पदों पर भर्ती की जा रही है। जिसमें कुमारी सीमा पिता स्व .सेवक राम,ग्राम - जर्वे ,श्रीमती उत्तम बाई पति स्व .उचित राम ग्राम जर्वे एवं सोनिया कुमारी पिता श्यामलाल ग्राम - अमलडीहा ने मेरिट सूची में जगह बनाई है ,जिसकी नियुक्ति पत्र जारी करने के एवज में महिला एवं बाल विकास की सभापति देवी बाई रजवाड़े प्रति व्यक्ति 50 - 50 हजार रुपए की मांग की जा रही है ,एवं नहीं देने की वजह से नियुक्ति पत्र में रोक लगा दी गई है।उन्होंने चयनित उम्मीदवारों को शीघ्र नियुक्ति दिलाने के साथ साथ सभापति पर कार्रवाई की मांग की है । उक्त शिकायत के बाद महकमे में हड़कम्प मचा हुआ है। जिला गठन के बाद पहली बार किसी जनप्रतिनिधि पर नियुक्ति के एवज में भ्रष्टाचार का यह गम्भीर आरोप लगा है।

बहरहाल उक्त शिकायत के संदर्भ में सभापति का पक्ष नहीं आ सका है।

### तो डीपीओ को है सीधे नियुक्ति आदेश जारी करने अधिकार

बताया जा रहा है सहायिकाओं की नियुक्ति प्रक्रिया में गठित 4 सदस्यीय चयन समिति में जनपद सीईओ ,सीडीपीओ बीएमओ,बीईओ शामिल हैं । समिति ने संपूर्ण दस्तावेजों का परीक्षण कर अनुमोदन भी कर दिया है,लेकिन स्थाई समिति की सभापति का अनुमोदन बाकी है। नियमानुसार 21 दिनों के भीतर स्थाई समिति को 3 बैठक कर चयन सूची को अनुमोदित करना रहता है। उक्त समिति के द्वारा निर्धारित मियाद में चयन सूची का अनुमोदन कर नियुक्ति आदेश जारी नहीं कर पाने की स्थिति में महिला एवं बाल विकास विभाग की डीपीओ को सीधे नियुक्ति आदेश जारी करने का अधिकार है। उक्त प्रकरण में दो बैठकें हो चुकी हैं। जिसमें एक में सभापति का अनुमोदन है दूसरे में नहीं होने की बात सामने आ रही। तीसरी व अंतिम बैठक सोमवार को है। इस बैठक में भी अगर जारी चयन सूची का अनुमोदन नहीं होता है तो डीपीओ सीधे नियुक्ति आदेश जारी कर सकती हैं।

## शारीरिक दक्षता परीक्षण में 16 दिसंबर को अनिवार्य रूप से उपस्थित होवें वनरक्षक अभ्यर्थी

कोरबा ।कोरबा नोडल वनमंडल अंतर्गत वनरक्षक के 120 पदों पर शारीरिक दक्षता परीक्षण दिनांक 04.12.2024 से इंदिरा प्रियदर्शनी स्टेडियम कोरबा में प्रक्रियाधीन है। जिन अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया उन्हें रिजर्व तिथि 16 दिसंबर 2024 को शारीरिक दक्षता में अनिवार्य रूप से इंदिरा प्रियदर्शनी स्टेडियम कोरबा में उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया है।कार्यालय वनमण्डलाधिकारी कोरबा से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिन अभ्यर्थियों द्वारा कोरबा नोडल वनमंडल अंतर्गत आवेदन प्रस्तुत किया गया है यदि वे किसी कारणवश शारीरिक दक्षता परीक्षण में उपस्थित नहीं हुए हैं, वे इस संबंध में कोरबा वनमण्डल कार्यालय को लिखित सूचना अथवा ई-मेल पर 14 दिसंबर 2024 शाम 5:00 बजे तक सूचित कर सकते हैं। आवेदन जमा कर चुकीं महिला अभ्यर्थियों को सुबह 05:30 बजे और पुरुष अभ्यर्थियों को सुबह 07:30 बजे भर्ती स्थल इंदिरा प्रियदर्शनी स्टेडियम कोरबा में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

## तहसील कार्यालय मार्ग सड़क मरम्मत कार्य जारी

कोरबा । कोरबा शहर सहित इससे लगे पुलिस अधीक्षक कार्यालय के बगल से होकर तहसील कार्यालय मार्ग में मौजूद गड्ढों और उखड़ी सड़क के कारण हादसों के खतरे से राहत मिलने लगी है। यहां सड़क मरम्मत का कार्य किया जा रहा है।

हाल ही में बारिश के बाद अंचल में टी.पी. नगर, वीआईपी रोड, साकेत मार्ग, निहारिका व अन्य सड़को के अलावा कोरबा शहर में पावर हाउस रोड की सड़क की मरम्मत के लिए निविदा जारी की गयी थी। पेंच वर्क का काम होने से फिलहाल आंशिक राहत पीएच रोड, कोतवाली तक में बाएं तरफ चलने वालों को मिल रही है किंतु दायी तरफ राहत नहीं मिल पा रही है। दूसरी तरफ अनेक सरकारी कार्यालयों से लेकर रहवासी इलाकों, निजी व शासकीय विद्यालय के मार्ग में सड़क उखड़ जाने से बड़ी परेशानी हो रही थी

## अधिवक्ता की कार को ठोकर मारकर फरार हुआ अज्ञात वाहन चालक



कोरबा । अधिवक्ता धनेश कुमार सिंह ने बताया कि शुक्रवार की दोपहर लगभग 2: 00 बजे वह अपनी स्विफ्ट क द्वार क्रमांक CG 12 BG 5055 में सवार होकर ग्रामीण बैंक के पास आए थे। अभी वो कार से उतरे भी नही थे कि एक अज्ञात वाहन चालक ने लापरवाही पूर्वक उनकी कार को ठोकर मारते हुए मौके से फरार हो गया। इससे उन्हें गंभीर चोट लग सकती थी। उनकी कार क्षतिग्रस्त हुई है। उन्होंने कटघोरा थाने में इसकी रिपोर्ट दर्ज कराते हुए पुलिस से मांग की है कि अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही की जाए।

## जिले में दिव्यांगजनों हेतु आंकलन शिविर का होगा आयोजन

कोरबा । जिले में विशेष आवश्यकता वाले दिव्यांग बच्चों एवं दिव्यांगजनों के लिए एक दिवसीय विकासखण्ड स्तरीय आंकलन शिविर का आयोजन किया जाएगा। उक्त आयोजन में विशेष आवश्यकता वाले दिव्यांग बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं आवश्यकता निर्धारण के साथ यूनिक आइडी कार्ड/दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने एवं सभी प्रकार के दिव्यांगता आधारित मूल्यांकन एवं परीक्षण करने हेतु शिविर आयोजित किया जाएगा। विकासखण्ड कोरबा शहरी में 19 दिसंबर गुरूवार को प्रातः 11 बजे से 04 बजे तक बीआरसीसी भवन खरमोरा में शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार कोरबा ग्रामीण अंतर्गत 26 दिसंबर गुरूवार प्रातः 11 बजे शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अजगरबहार, 03 जनवरी 2025 गुरूवार प्रातः 11 बजे जनपद पंचायत कटघोरा सामुदायिक भवन, 09 जनवरी गुरूवार को प्रातः 11 बजे जनपद पंचायत पाली सामुदायिक भवन, 16 जनवरी गुरूवार 11 बजे जनपद पंचायत पोड़ी-उपरोड़ा सामुदायिक भवन तथा 23 जनवरी गुरूवार 11 बजे जनपद पंचायत करतला सामुदायिक भवन में शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### भाजपा सरकार के एक साल के विफलताओं को बताते हुए धरना प्रदर्शन किया गया

कोरबा। भाजपा सरकार के एक साल पूरा होने के विरोध में आज टी पी नगर चौक कोरबा में जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में 1 घंटे का विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर प्रदेश के सभी जिला मुख्यालय में प्रदेश सरकार के विरोध में धरना प्रदर्शन किया गया।

## पेंशनर फोरम के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

कोरबा। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन पेंशनर फोरम के संयोजक सुरेश कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में कोरबा प्रवास पर पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू को पेंशनरों के गंभीर समस्याओं के संबंध में एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश धारा 49-6 विलोपित करने, पेंशनरों को जुलाई 2024 से लंबीत 3 प्रतिशत महंगाई भत्ता प्रदान करने, सुविधा युक्त जिले में भी क्रीड़ा परिसर संचालित करने सहित अन्य मांग शामिल है। इस अवसर पर पेंशनर फोरम के महासचिव पूर्व जिला क्रीडा अधिकारी प्यारेलाल चौधरी, कार्यकारी संयोजक आर.के. पांडे, छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक गेंदालाल चौधरी, मोतीलाल सिद्धार्थ आदि उपस्थित रहे।

# लंबित भुगतान को लेकर मिलरों की हड़ताल 20 तक



**जांजगीर चांपा।** प्रदेश के सभी मिलर्स ने अपनी मांगें राज्य सरकार से सहमति मिलने उपरांत भी बकाया भुगतान , एसएलसी दर से परिवहन भुगतान एवं अन्य मांगे पूरी नहीं होने पर इस माह की 20 तारीख तक कस्टम मिलिंग कार्य में असहयोग करने का निर्णय लिया है ।

इस संबंध में प्रदेश एसोसिएशन अध्यक्ष योगेश अग्रवाल ने बताया कि आज दिनांक 12 दिसंबर को रायपुर के श्री राम मंदिर वीआईपी रोड के हाल में प्रदेश के समस्त मिलर्स की उपस्थिति में वृहद बैटक हुई जिसमे पूरे प्रदेश से लगभग 2500 राइस मिलर्स उपस्थित थे। कल राज्य सरकार की कैबिनेट की बैठक में चावल उद्योग से संबंधित विषयों पर निर्णय लिया जिसमें मिलर्स को वर्ष 2024-25 की प्रोत्साहन राशि 80/- रुपये क्विंटल करने, मिलर्स को वर्ष 2023-24 के प्रोत्साहन की एक किस्त का भुगतान करने के साथ ही पेनाल्टी विषय पर निर्णय लिए गए ।मिलर्स वर्ष 2022-23 के प्रोत्साहन की एक किस्त चाहते हैं जबकि कैबिनेट ने वर्ष 2023-24 के भुगतान पर मुहर लगा दी, साथ ही एसएलसी की दर से भुगतान का विषय कैबिनेट में नहीं रखा गया ।इन दो बड़ी मांगों पर पूर्व में राज्य सरकार के साथ चर्चा में सहमति के उपरांत भी मांगें पूर्ण नहीं होने पर मिलर्स का धैर्य टूट गया । बैठक में उपस्थित मिलर्स ने कहा कि यह मिलर्स के साथ वादा खिलाफ़ी है ।

एक तरफ़ मिलर्स में कैबिनेट होने के पूर्व उत्साह का वातावरण बना हुआ था की कैबिनेट में उनकी मांगें पूर्ण होंगी लेकिन कैबिनेट से जो निर्णय आया उससे पूरे प्रदेश के मिलर्स में निराशा का वातावरण बन गया ।प्रदेश भर के मिलर्स ने मांग की है कि प्रदेश सरकार तत्काल निर्णय लेकर जिन विषयों में सहमति बनी उस पर अमल होकर समस्या का समाधान निकाल सके जिससे किसानों को भी कोई असुविधा ना हो ।उल्लेखनीय है कि मिलर्स को कस्टम मिलिंग का बकाया भुगतान जो करोड़ों में है वह ना होने से उनकी आर्थिक स्थिति खराब है । मिलर के पास बैंक गारंटी बनाने , चावल जमा करने पैसा नहीं है ।ऐसी स्थिति में मिलर को भुगतान के अभाव में मिलर कस्टम मिलिंग कार्य करने असमर्थ हो चुका है । यह पहला अवसर नहीं है जब मिलर अपनी समस्या को सरकार के सामने रख रहा है । एसोसिएशन के माध्यम से अनेकों बार पत्र व्यवहार किया गया । सभी जिलों के मिलर्स ने अपने जिले के जनप्रतिनिधियों को समस्या से अवगत कराया । यह पिछले काफ़ी दिनों से चल रहा था लेकिन अब तक इसका समाधान नहीं हो पाया । जिससे मिलर को यह निर्णय लेना पड़ा कि वे पुनः सरकार से आग्रह करते हैं कि उनके मांगों पर जिन पर सरकार ने सहमति दी उसे शीघ्र निर्णय लेकर पूरी करे, जिससे कस्टम मिलिंग कार्य सुचारू रूप से चल सके ।

## पुलिस में 341 पदों पर होगी भर्ती

**जांजगीर।** एसआई, प्लाटून कमांडर की 341 पदों पर भर्ती होगी। इस भर्ती में अनुसूचित जनजाति (एसटी) वर्ग के पुरुष उम्मीदवारों को ऊंचाई में 5 सेमी की छूट दी है। अब 163 सेमी यानी 5 फीट 4 इंच से थोड़ा अधिक हाइट वाले उम्मीदवार भी इस भर्ती के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसी तरह सीने के माप में भी इस वर्ग के उम्मीदवारों को छूट दी गई है। अब सीना बिना फुलाये 78 सेमी और फुलाने पर 83 सेमी होना चाहिए। एसआई की भर्ती सीजीपीएससी के माध्यम से होगी। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन 23 अक्टूबर से 21 नवंबर तक आवेदन मंगाए थे, तब इस भर्ती के लिए मापदंड अनुसार पुरुषों की हाइट न्यूनतम 168 सेमी थी। सीना बिना फुलाये 81 सेमी और फुलाने पर 86 सेमी निर्धारित किया गया था। अब ऊंचाई व सीने के माप को लेकर एसटी उम्मीदवारों को छूट दी है। इसके अनुसार फिर से आवेदन का अवसर दिया है। प्रक्रिया शुरू हो गई है। 25 दिसंबर तक आवेदन कर सकते हैं। सभी वर्ग के युवा जो पहले आवेदन नहीं कर पाएं हैं, वे फॉर्म भर सकते हैं। इसी तरह जो आवेदन कर चुके हैं, उन्हें दोबारा फॉर्म भरने की जरूरत नहीं है। कुल 341 पदों पर भर्ती होगी। सबसे अधिक 278 पद एसआई के हैं। 19 सूबेदार, 11 उप निरीक्षक (विशेष शाखा), 14 प्लाटून कमांडर, 4 उप निरीक्षक (अंगुल-चिन्ह), 1 उप निरीक्षक (प्रश्नाधीन दस्तावेज), 5 उप निरीक्षक (कंप्यूटर) और 9 उप निरीक्षक (साइबर क्राइम) के पद शामिल है।

## सामाजिक गतिशीलता एवं संस्थागत विकास घटक में चांपा पालिका को प्रदेश में प्रथम स्थान



**चापा।** दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत सामाजिक प्रतिशीलता एवं संस्थागत विकास घटक के क्षेत्र में बेहतर काम करने पर नगरपालिका परिषद चांपा की पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। इसके अंतर्गत राजधानी रायपुर में आयोजित उत्कृष्टता की ओर बढ़ते कदम सम्मान समारोह में पालिका अध्यक्ष के साथ सीएमओ और उनकी टीम को सम्मानित किया गया।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उप मुख्यमंत्री अरूण साव की उपस्थिति में पं. दीनदयाल ऑडिटोरियम रायपुर में उत्कृष्टता की ओर बढ़ते कदम सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रदेशभर के नगरीय निकायों के कार्यों का आंकलन करते हुए उन्हें सम्मानित किया गया। इस दौरान दीनदयाल अन्त्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत सामाजिक गतिशीलता एवं संस्थागत विकास घटक में वर्ष 2023-24 अंतर्गत नगरपालिका परिषद् चांपा को छत्तीसगढ़ राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। नगरपालिका अध्यक्ष जय थवाईत, मुख्य नगरपालिका अधिकारी भोलासिंह ठाकुर और उनकी टीम को कार्यक्रम को सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर कलेक्टर आकाश छिकारा के द्वारा नगरपालिका के अध्यक्ष जय थवाईत, मुख्य नगरपालिका अधिकारी भोला सिंह ठाकुर तथा सिटी मिशन प्रबंधक पोकराम पटेल, सामुदायिक संगठिका श्रीमती सुनिता प्रधान एवं श्रीमती राजकुमारी सिंह एवं समस्त अधिकारी कर्मचारियों को छत्तीसगढ़ राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व नगरपालिका परिषद् चांपा को नेशनल स्पार्क अवार्ड वर्ष 2023-24 के तहत सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले निकायों की श्रेणी में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ था। तब पालिका की टीम को देश की राजधानी दिल्ली में आयोजित समारोह में सम्मानित किया गया था। इसके बाद अभी राजधानी रायपुर में उत्कृष्टता सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया है।

## खेलकूद प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाया जौहर



**चांपा।** स्थानीय लायंस इंग्लिश हायर सेकेण्डरी स्कूल में आयोजित तीन दिवसीय वार्षिक खेल समारोह का समापन बुधवार 11दिसंबर को दोपहर 1.30 बजे वरिष्ठ लायंस क्लब मेंबर लायन बजरंग अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य एवं लायंस शिक्षण समिति के चेयरमेन लायन गिरधारी लाल अग्रवाल की अध्यक्षता में हुआ।

समारोह में लायंस क्लब अध्यक्ष रामप्रपन्न देवांगन, लायंस क्लब सचिव लावन संतोष कुमार सोनी, लायंस क्लब शिक्षण समिति के सचिव लायन डॉ. योगेन्द्र शर्मा एवं खेल प्रभारी लायन सी.ए. सुरेश अग्रवाल, लायन वासुदेव देवांगन के अलावा लायंस पदाधिकारी भी मंचस्थ थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरसी के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवालत किया। सभी अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ भेट कर किया गया। स्कूल की प्राचार्य श्रीमति अजिता व्ही. के. ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि लायन बजरंग अगवाल ने प्रतियोगिता में सफल होने वाले सभी बच्चों को बधाई देते हुए सफल आयोजन पर सभी शिक्षकों एवं खिलाड़ियों के साथ-साथ प्राचार्य श्रीमती अजिता वी. के. को बधाई दी। इस अवसर मुख्य अतिथि द्वारा प्रतियोगिता में विभिन्न खेलों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को प्रमाण-पत्र एवं मेडल से सम्मानित किया। इस अवसर पर लायंस क्लब शिक्षण समिति के चेयरमेन लायन गिरधारी लाल अग्रवाल, सचिव लायन डॉ. योगेन्द्र शर्मा एवं लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन रामप्रपन्न देवांगन ने भी अपने उद्बोधन में प्रतिभागियों को बधाई दी। इसके पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा स्कूल फ्लेग का अवतरण कर वार्षिक खेलकूद के समापन की विधिवत घोषणा की।

अंत में मुख्य अतिथि का शॉल एवं श्रीफल से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका जया अग्रवाल एवं आभार प्रदर्शन लायन सी.ए. सुरेश अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

## होर्डिंग फ्लैक्स ब्लेड से फाड़ा प्रधान आरक्षक लाइन अटैच

**सक्ती।** जिले के पुलिस थाना चंद्रपुर क्षेत्र में अजीबो-गरीब मामला प्रकाश में आया है। मामला सामने आने के बाद सामाजिक कार्यकर्ता की शिकायत पर एसपी अंकिता शर्मा ने प्रधान आरक्षक को लाइन अटैच कर दिया है। मामला चंद्रपुर नगर पंचायत क्षेत्र का है, जहां सामाजिक कार्यकर्ता गौरीशंकर गुप्ता ने नवरात्रि व दिवाली पर्व को लेकर शुभकामना रूपी होर्डिंग फ्लेक्स सार्वजनिक खंभों पर लगाए थे, जिसे पुलिस थाना चंद्रपुर में पदस्थ एक प्रधान आरक्षक ने सुबह 4 से 5 बजे ब्लेड से फाड़ दिया और पूरा मामला संबंधित होर्डिंग फ्लेक्स के ठीक सामने लगे एक सीसी कैमरे पर दर्ज हो गया। शिकायत पर एसपी ने मामले में कार्रवाई की है।

## कर्मचारी हड़ताल से वापस लौटें, नहीं तो होगी कार्रवाई

**जांजगीर-चांपा।** नगरपालिका के नियमित, प्लेटसमेंट कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर अनिश्चिकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। इससे शहर में सफाई सहित मूलभूत सुविधा ठप पड़ गई है। जगह-जगह कचरा डंप किया जा रहा है।

फरियादी ऑफिस से बैरंग लौट रहे हैं। इस स्थिति में नगरीय निकाय प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया। सभी रेगुलर कर्मचारियों को तत्काल हड़ताल से लौटने नोटिस जारी किया गया है। वेतन काटने की कार्रवाई तो की ही - जाएगी, साथ ही आज ही ऑफिस नहीं लौटने पर बड़ी कार्रवाई की जाएगी। नगरीय निकाय के रेगुलर व प्लेसमेंट कर्मचारी पुरानी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। इससे जिला मुख्यालय में पूरी तरह से सफाई व्यवस्था चरमरा गई। कहीं भी कचरा उठा रहा और न ही सफाई हो रही है। इससे जगह-जगह गंदगी का आलम है। साथ ही कई मोहल्ले में तो सप्ताह भर से जल रही लाइट बंद करने वाला कोई नहीं है। इसके अलावा नगरपालिका में राजस्व संबंधी भी किसी प्रकार का काम नहीं हो पा रहा है। कर वसूली भी ठप पड़ गई है। साथ ही फरियादी हर रोज ऑफिस से बैरंग लौट रहे हैं। इसके अलावा महत्वपूर्ण निर्वाचन संबंधी कार्य भी प्रभावित हो रहा है। नगरीय निकाय का काम पूरी तरह से चौपट हो गया है। इससे परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में संयुक्त संचालक नगरीय निकाय व विकास बिलासपुर द्वारा कड़ा रुख अपनाया गया। जिसमें नगरपालिका के नियमित व नोटिस जारी प्लेटसमेंट कर्मचारियों करते हुए स्पष्ट रूप से कहा गया कि आज ही ऑफिस ज्वाइन कर लें। आज ही हड़ताल से वापस नहीं लौटने को कहा गया है। ऑफिस से नहीं लौटने की स्थिति में अनुशानात्मक कार्रवाई की जाएगी। हड़ताल दिवस में शामिल होने का वेतन तो काटा जाएगी। साथ ही हड़ताल से नहीं लौटने की स्थिति में बड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में नगरपालिका ने सभी हड़तालियों को नोटिस कर दिया गया है। साथ ही आज ही लौटने की बात कही गई है। इससे कर्मचारियों में दहशत का माहौल है। सीएमओ ने पत्र में यह भी स्पष्ट कहा गया कि प्लेटसमेंट कर्मचारियों से संबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी किया जाए। शनिवार को ही काम पर लौट जाएं। नहीं लौटने की स्थिति में प्लेटसमेंट कर्मचारियों के स्थान पर दूसरे कर्मचारियों को रखने की कार्रवाई की जाए। इस संबंध में नगरपालिका को संयुक्त संचालक बिलासपुर को रेगुलर व प्लेटसमेंट कर्मचारियों के एक साथ हड़ताल में चले जाने से कामकाज प्रभावित हो रहा है। संयुक्त संचालक के निर्देश पर इन्हे नोटिस जारी किया गया है। काम पर नहीं लौटने की स्थिति में अनुशानात्मक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही हड़ताल दिवस का वेतन तो काटा जाएगा।

**शनिवार को ही अवगत कराने की बात कही गई। इसके एवा स्वच्छता दीदियों को भी हड़ताल से लौटने की बात कही गई है। शनिवार तक नहीं लौटने की स्थिति में हड़ताली स्वच्छता दीदियों को भी नौकरी से निकालकर उसके स्थान दूसरी स्वच्छता दीदियों की भर्ती की जाएगी।**

**प्रहलाद पांडेय, सीएमओ**

## मसीही समाज के सामुदायिक भवन का लोकार्पण

**जांजगीर चांपा।** नगर के वार्ड क्रमांक 22 में नगरपालिका द्वारा मनोनाइट कलीशिया मसीही समाज के लिए 25 लाख से बनाए गए सामुदायिक भवन का लोकार्पण क्षेत्रीय विधायक ब्यास कश्यप और नगरपालिका अध्यक्ष भगवानदास गढ़वाल के साथ पार्षदों के हाथों संपन्न हुआ। इस दौरान प्रदेश भर से आए मसीही समाज के लोगों की मांग पर विधायक कश्यप ने समाज की महिलाओं के लिए अलग भवन निर्माण के लिए विधायक मद से 5 लाख रुपए देने की घोषणा की।


### कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

क्र./निर्माण/2024 दिनांक 10.12.2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु (Online) आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | निविदा डालने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिक निगम बालको जोन अंतर्गत नाली, सड़क एवं भवन एवं भवन में विद्युतीकरण कार्य हेतु वार्षिक दर निर्धारण (मरम्मत एवं संधारण मद) (प्रथम निविदा) | 50.00 | 02.01.2025 (T.No.162734) |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है, साथ ही निगम के वेबसाइट www.korbamunicipal.in एवं www.korba.urbanecg.gov.in पर भी देखी जा सकती है।

//स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें//

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)



### कार्यालय ग्राम पंचायत भैंसो जनपद पंचायत पामगढ़ जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

क्र./105/मत्स्य/ग्रा.पं./2024 दिनांक 12/12/2024

**ईश्तहार**

जनपद पंचायत पामगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत भैंसो के आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत भैंसो अधीनस्थ निम्नांकित तालाबों को मछली पालन हेतु 10 वर्षीय पट्टा पर दिया जाना है, इसका विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | ग्राम पंचायत का नाम | तालाब का नाम | खसरा नं. | रकबा नं. (हे. में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | भैंसो | बंधवा तालाब | 1457 | 5.54 |
| 2 | भैंसो | नाक डबरी | 1452 | 1.00 |

उपरोक्त तालाबों का पट्टा आबंटन में प्राथमिकता क्रम निम्नानुसार होगा :-

01. पंजीकृत मछुआ सहकारी समिति, 02. मछुआ समूह, 03. मछुआ व्यक्ति, 04. ऐसे क्षेत्र जहां वर्ष 1965 या उसके पश्चात् मकान भूमि आदि डूब में आये हों विस्थापित परिवार, 05. स्वसहायता समूह, 06. आवेकद मछुआ समूह या मछुआ व्यक्ति, स्वसहायता समूह होने के दशा में गरीब रेखा सर्वे प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें।

उपरोक्त आवेदन का आवश्यक दस्तावेज सहित दिनांक 05.12.2024 से 17.12.2024 तक ग्राम पंचायत कार्यालय भैंसो में संबंधित सचिव के पास जमा कर पावती प्राप्त कर सकते हैं। दिनांक 17.12.2024 के पश्चात् प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा।

सचिव
ग्राम पंचायत भैंसो
जनपद पंचायत पामगढ़



### साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड

"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इंडिया लिमिटेड का उपक्रम)

**सूचना**

एसईसीएल द्वारा सामग्रियों, कार्यों एवं सेवाओं की खरीद के लिए जारी निविदाएं एसईसीएल की वेबसाइट http://www.secl-cil.in, कोल इण्डिया के ई प्रोक्यूरमेंट पोर्टल http://coalindiatenders.nic.in और सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्यूरमेंट पोर्टल http://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त जीईएम पोर्टल http://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीदी का कार्य किया जाता है। एसईसीएल के माईनिंग सर्विसेस की निविदाएं भी अब जीईएम पोर्टल http://gem.gov.in पर उपलब्ध है।


## पॉवर कंपनीज बैडमिंटन स्पर्धा में रायपुर का दबदबा



**जांजगीर चांपा।** छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनीज की अंतरक्षेत्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में रायपुर का दबदबा रहा। टीम इवेंट में 12 सालों के चैंपियन रही कोरबा वेस्ट की टीम को रायपुर क्षेत्रीय टीम ने शिकस्त देकर विजेता का खिताब हासिल किया। महिला एवं पुरुष के एकल व युगल मुकाबले में रायपुर सेंट्रल टीम ने बेहतर प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्य अतिथि प्रबंध निदेशक (वितरण) भीमसिंह कंवर थे। उन्होंने कहा कि खेल के माध्यम में विद्युतकर्मियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। हमारे विद्युतकर्मी विद्युत आपूर्ति की निर्बाध सेवा के साथ खेल विधि में भी दक्षता साबित कर रहे हैं, यह गौरव की बात है। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक सर्वश्री एमएस चौहान, केएस मनोठिया, जेएस नेताम, डीके तुली विशेष रूप से उपस्थित थे।

प्रबंध निदेशक ने विजयी प्रतिभागियों को ट्राफी व मेडल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर बैडमिंटन खिलाड़ी व कार्यपालक निदेशक सिविल डीके तुली को लाइफ टाइम अचीवमेंट सम्मान प्रदान किया गया। तीन दिन तक चले बैडमिंटन प्रतियोगिता के टीम इवेंट में रायपुर क्षेत्र विजेता रहा, अतिथियों ने इस टीम के खिलाड़ी सर्वश्री योहन नायक, राजेश ठाकुर, दिलेश्वर ठाकुर, गिरीश कुमार व नवीन एक्का को विजेता ट्राफी प्रदान की। उपविजेता टीम कोरबा वेस्ट के खिलाड़ी सर्वश्री अविनेश पाठक, सीमांत मिंज, एम जोशी, नरेंद्र उइके एवं गौरव गुप्ता को भी ट्राफी व मेडल प्रदान किया गया। महिला एकल में विजेता संध्या रानी कोरबा पूर्व एवं उपविजेता झरना लता साहू रायपुर क्षेत्र रहीं। महिला युगल में रायपुर सेंट्रल की जुवेना गोम्स, सरोज डिहरी विजेता एवं कोरबा पूर्व की संध्यारानी व श्रद्धा पिल्लई उपविजेता रहीं। पुरूष एकल मुकाबले में कोरबा पश्चिम के अनिवेश पाठक विजेता एवं रायपुर सेंट्रल के हितेंद्र मार्कंडेय उपविजेता रहे। पुरूष युगल मुकाबले में विजेता डी बाखला मड़वा व ऐश्वर्य पाठक रायपुर सेंट्रल रहे। उपविजेता कोरबा पश्चिम के अविनेश पाठक व नरेंद्र उइके रहे।

इसी तरह वेटरन एकल (45 वर्ष से अधिक) में रायपुर सेंट्रल के संजय वैद्य विजेता एवं बिलासपुर के योगेश पटेल उपविजेता रहे। वेटरन युगल में रायपुर सेंट्रल के संजय अग्रवाल व संजय वैद्य विजेता तथा बिलासपुर के मधुप पटेल व योगेश पटेल उपविजेता रहे।

मंच संचालन प्रकाशन अधिकारी गोविन्द पटेल ने किया एवं आभार प्रदर्शन क्रीड़ा सचिव विनय चंद्राकर ने किया।

अखिल भारतीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के खिलाड़ियों के चयन के लिये केंद्रीय पर्यवेक्षक ओंकार चंद्राकर रहे। अखिल भारतीय प्रतियोगिता के लिये अविनेश पाठक, हितेंद्र मार्कंडेय, धनेश्वर राम भाकला, सीमांत मिंज, ऐश्वर्य पाठक, योहान नायक, राजेश ठाकुर, नरेंद्र उईके एवं महिला खिलाड़ी संध्या रानी, झरना साहू, जुवेना गोम्स, गायत्री दीवान, कृतिका शर्मा व सरोज धिरही का चयन किया गया है।

## मड़वा के भू-विस्थापित मजदूर संघ ने शहर में निकाली जनसमर्थन रैली

**जांजगीर-चांपा।** मड़वा पावर प्लांट के भू-विस्थापित मजदूर संघ जमीन जाने के बाद भी नौकरी नहीं मिलने सहित अन्य मांगों को लेकर डेढ़ माह से धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। साथ ही पखवाड़े भर से क्रमिक भूख हड़ताल भी शुरू कर दिए। इसके बाद कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है। प्लांट प्रबंधन सहित जिला प्रशासन द्वारा सुध नहीं ली रही है। इसलिए शुक्रवार को शहर में बड़ी संख्या में भू- विस्थापित मजदूर संघ द्वारा जनसमर्थन रैली निकाली गई। साथ ही एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया। मड़वा ताप विद्युत कामगार व भू- विस्थापित मजदूर संघ 14 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल की जा रही है। इस हड़ताल को 8 नवंबर को 25 वां दिन हो जाने के बाद भी विद्युत प्रबंधन व प्रशासन द्वारा किसी भी प्रकार से संज्ञान नहीं लिया जा रहा है। इससे परेशान होकर पुरूष वर्ग द्वारा अनिश्चितकालीन क्रमिक भूख हड़ताल करने का निर्णण लिया गया है। भूख को 15 दिन बीत जाने के बाद भी न विद्युत विभाग व न ही प्रशासन द्वारा सुध ली गई। इसको देखते हुए 23 नवंबर से अनश्चितकालीन क्रमिक का भूख हड़ताल में बैठने का निर्णय महिलाओं ने भी ली है। जिससे मजदूरों की पीड़ा को महसूस करें।

## बाराती गाड़ी की टक्कर से एक युवक की मौत

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले के पुटपूरा NH 49 पर तेज रफ्तार बाराती कार और बाइक में आमने सामने जोरदार टक्कर हुई है। हादसे में बाइक में सवार एक युवक की मौके पर मौत हो गई। वहीं दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल है, जिसका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र की है।

***अकलतरा।** सामाजिक संस्था वेल विशर फाउंडेशन ने नगर के बगड़िया भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर को संबोधित करते हुए वेल विशर फाउंडेशन संस्था के अध्यक्ष अविनाश सिंह ने कहा कि रामबाबू शर्मा ने तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के अध्यक्ष और कर्मचारी नेता के रूप में अनेक वर्षों तक सेवाएं दी है।


### नाम परिवर्तन सूचना

मैं मुस्ताक अंसारी उम्र 38 वर्ष पिता इस्माईल अंसारी निवासी नायर मोहल्ला कांशीनगर कोरबा वार्ड-15 शपथपूर्वक आम जनता को सूचित करता हूं कि मैं उपरोक्त पते पर स्थायी रूप से निवास करता हूं तथा मेरा आधार नंबर 913421901454 है। मेरे पुत्र के नाम पर जन्म प्रमाण पत्र दिनांक 15.09.2015 को जारी किया गया था। जिस पर मेरे पुत्र का नाम गलती से त्रुटिवश आरिफ अंसारी जारी हो गया है जो कि गलत है। जबकि वास्तविक एवं सही नाम मो.आरीफ अंसारी है, जो कि सही है। जिसे जन्म प्रमाण पत्र में सुधार करना है तथा शपथ पत्र को संबंधित कार्यालय में प्रस्तुत करना है।

शपथकर्ता
मुस्ताक अंसारी
कांशीनगर, कोरबा


## फाइनल की ट्रॉफी फरहदा बिलासपुर ने जीत ली

**बलौदा।** फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब ने डॉ. राकेश कुमार सिंह की स्मृति में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया। फाइनल मुकाबला शुक्रवार को फरहदा बिलासपुर और एफसीसी बलौदा के बीच हुआ। इसमें फरहदा ने 66 रन से जीत हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। विधायक राघवेंद्र सिंह ने विजेता टीम को 25 हजार रुपए और ट्रॉफी, द्वितीय स्थान पर एफसीसी बलौदा को पंद्रह हजार रुपए और ट्रॉफी प्राप्त की।


### दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

**पैदल गश्त की गतिविधि के लिए आउटसोर्सिंग हेतु निविदा सूचना**

निविदा संख्या : टीआरडी-बीएसपी-265-24-25, दिनांक : 05.12.2024
कार्य : बिलासपुर डिवीजन में विद्युत/टीआरडी संगठन में पैदल गश्त की गतिविधि की दो वर्ष की अवधि के लिए आउटसोर्सिंग।
निविदा मूल्य: ₹ 88,67,310.00/-। अग्रधन राशि: ₹1,77,400.00/-। निविदा जमा करने की तिथि व समय : दिनांक 27/12/2024 के 15:00 बजे तक।
पात्रता के मापदंड तथा अन्य विस्तृत जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर पधारें। निविदा सूचना को वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियंता (क.वि.), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर (छ.ग.) के कार्यालय के नोटिस बोर्ड से भी देखे जा सकते हैं।
वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (क.वि.)
सीपीआर010/372 द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर
South East Central Railway X @secrail


# ऐरन परिवार चांपा ने परोजन उत्सव एवं महामंगलपाठ का आयोजन किया



**चांपा।** जय दादी की झुंझुनू वाली राणी सती दादी जी एवं हमारी कुल की देवी भीमेश्वरी बेरी वाली के आशीर्वाद व पितरों के पुण्य प्रताप से हमारे घर परिवार में खुशियों का खजाना एक साथ दादी पाठ एवं परोजन बच्चों के नाक कान छेदने का कार्यक्रम दादी मंदिर में संपन्न हुआ रोशन लाल अग्रवाल जगदीश प्रसाद राजकुमार पवन विजय संजय अजय पंकज दीपक सत्यम शिवम हिमांशु प्रियांशु गायत्री देवी कमला देवी राजरानी पुष्पा रेनू रेखा बबीता कविता मधु एकता खुशबू एवं समस्त बरपाली चौक ऐरन परिवार द्वारा दादी कृपा ऐसी हुई शानदार भव्य मंगलपाठ ने महामंगलपाठ का रूप ले लिया जय हो दादी दरबार जय दादी की मास पूर्णिमांत मार्ग शीर्ष शुक्ल पक्ष पंचमी दिनांक 06 दिसंबर 2024 को चांपा लक्षनपुर स्थित श्री नारायणी सती दादी मंदिर में श्रद्धा और भक्ति के साथ ऐरन परिवार द्वारा दादी जी का मंगलपाठ हुआ परोजन समारोह के शुभ अवसर पर पाठ वाचक अभिषेक अग्रवाल खरसिया ने अपनी सामधुर वाणी से दादी भजन करके भक्तों को भाव - विभोर कर दिया भीमेश्वरी बेरी वाली का आशीर्वाद तथा पितरों के पूर्णिय से रीति-रिवाजों से स्थल पर नाक तथा रक्षा आभूषण हेतु कर्ण वेध संस्कार राजस्थान के झुंझुनू वाली रानी सती दादी जी एवं ऐरन परिवार बरपाली चौक चांपा द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में कुल की देवी मां भीमेश्वरी बेरी वाली का आशीर्वाद व पितरों के पुण्य प्रताप से सबसे पहले महिलाओं ने ऐरन परिवार संग दादी जी का पाठ किया उसके बाद परोजन बच्चों के नाक कान छेदने का कार्यक्रम संपन्न हुआ धार्मिक आस्था रखने वाले रोशन लाल अग्रवाल एवं जगदीश प्रसाद ने बताया की हम सदियों से अपने रीति-रिवाजों को मानते आ रहें हैं इन रीति- रिवाज में संस्कारों की अहम भूमिका है जिस बालक का मुंडन हो जाता है उसका कान नाक छेदना भी एक संस्कार है शारीरिक स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए बालिका के दोनों कान छेदे जाते हैं छेदने के बाद सोने या फिर अन्य धातु के कुंडल पहनायें जाते हैं कान की नस का अंडकोष की नस के साथ सीधा संबंध है इससे पुरुष की नपुंसक्ता तथा महिलाओं की बंधत्य भी दूर हो जाता है ऐरन परिवार के दूर दराज से निमंत्रण पर पहुंचे आगतुक अतिथियों ने रानी सती दादी जी का दर्शन पूजन कर दादी रसोई ग्रहण किया कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं द्वारा महा आरती कर दादी रसोई का प्रसाद प्राप्त किया अभिषेक भोग और महामंगलपाठ में भाग लेकर श्रद्धालुओं में दिखा उत्साह और उमंग दादी कृपा से ऐरण परिवार के विशेष आग्रह पर मंगलमय कार्यक्रम अनन्य श्रद्धालु भक्तों ने अभिषेक भोग महामंगलपाठ उत्सव में भाग लिया इस दौरान नारायणी राणी सती दादी मंदिर में विद्युत झालरों एवं फूलों से सुसज्जित किया ऐरन परिवार ने अगतुक अतिथियों का दिल खोलकर स्वागत किया ।

## अनमोल वचन......

हर एक दिन कुछ नया सीखने की कोशिश करो और कल से खुद को बेहतर बनाओ।

## ट्रंप की ब्रिक्स देशों को धमकी

*ट्रंप ने डॉलर के वर्चस्व को चुनौती देने पर ब्रिक्स देशों के उत्पादों पर 100 फीसदी टैरिफ लगाने की धमकी दी है। संभवतः ऐसी घोषणाएं करते समय ट्रंप भूल जाते हैं कि नई भू-आर्थिकी के बीच वे जो कार्ड खेल रहे हैं, वो दोधारी है। अमेरिका के निर्वाचित राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने धमकी दी है कि ब्रिक्स देशों ने अपने कारोबार को डॉलर से हटाने की कोशिश की, तो वे उन सबके यहां से अमेरिका होने वाले आयात पर 100 फीसदी सीमा शुल्क लगा देंगे। ब्रिक्स में कई ऐसे देश शामिल हैं, जो अमेरिका के घोषित मित्र हैं। मगर इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। कनाडा जैसे सहयोगी देश पर 25 फीसदी सीमा शुल्क लगाने का एलान ट्रंप पहले ही कर चुके हैं। उनका इरादा यूरोपीय देशों पर भी ऐसी कार्रवाई का है। ऐसा लगता है कि ऐसी घोषणाएं करते समय ट्रंप भूल जाते हैं कि नई भू-आर्थिकी के बीच वे जो कार्ड खेल रहे हैं, वो दोधारी है। उसका उलटा असर भी होगा। डॉलर की भूमिका के लिए आज चुनौती पेश आई है, तो उसकी एक वजह यह है कि अपनी उत्पादक क्षमता खोने के बाद अमेरिका बाकी दुनिया के लिए अपरिहार्य नहीं रह गया है।*

*डॉलर को वैश्विक कारोबार की मुद्रा बनाने में अमेरिकी आर्थिक ताकत का सबसे प्रमुख योगदान था। इससे अमेरिका को ये विशेष सुविधा मिली। इस कारण देश अपने यहां उत्पन्न मूल्य का एक हिस्सा अमेरिका के नियंत्रण में भेजने को विवश हो गया। यह ऐसी ताकत थी, जिसका विवेकपूर्ण उपयोग कर अमेरिका लंबे समय तक इस विशेष सुविधा को बनाए रख सकता था। लेकिन भू-राजनीतिक और कूटनीतिक मकसदों को साधने के लिए उसने इस ताकत का अनियंत्रित दुरुपयोग शुरू कर दिया। नतीजतन, उससे प्रतिबंधित देशों की उसकी सूची लंबी होती चली गई।*

*लाजिमी है, प्रतिबंधित एवं प्रतिबंधों की आशंका झेल रहे देश विकल्प की तलाश में जुटते। उसका परिणाम फिलहाल अपनी मुद्राओं में अंतरराष्ट्रीय भुगतान करने के चलन में दिख रहा है। ब्रिक्स ऐसे सामूहिक प्रयास का मंच बना है। चल चुके इस चक्र को रोकना अब कठिन है। ट्रंप प्रतिबंधों की राह छोड़ने और डॉलर के अंतरराष्ट्रीय भुगतान के मंच स्विफ्ट से किसी देश को बाहर ना करने का एलान करते, तो शायद वे कुछ सकारात्मक परिणाम हासिल कर सकते थे। लेकिन उन्होंने वही तलवार उठाई है, जिसके इस्तेमाल का नतीजा डॉलर से बचने की परिघटना के रूप में सामने आया है।*

## राशिफल

**मेष राशि-** आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहने वाला है। नौकरी कर रहे लोगों के लिए आज का दिन लाभकारी है , उन्हें काम से जुड़ी कोई बड़ी खुशखबरी मिलेगी। सही योजना के तहत आप अपने करियर में बदलाव लाने में सफल होंगे। आपका खुशनुमा व्यवहार सबको प्रभावित करेगा। जीवनसाथी के साथ डिनर करने का प्रोग्राम बनाएंगे, जिससे रिश्तों में मिठास आएगी।

**वृष राशि-** आज आपका दिन नई उमंगों के साथ शुरू होगा। आपको आर्थिक रूप से अपने सगे संबंधियों की मदद मिलेगी। साथ ही लेन-देन के मामलों में आपको सावधानी बरतने की जरूरत है। करियर में भी आपको अपने गुरु का सहयोग प्राप्त होगा। आप जीवन में आगे बढ़ेंगे। आपका कॉन्फिडेंस आपको सफलता दिलाएगा।

**मिथुन राशि-** आज आपका दिन उल्लास से भरा रहने वाला है। बिजनेस के किसी काम से आपको यात्रा करनी पड़ सकती है। आपका काम अच्छे से पूरा होगा। आज आप कुछ मौज मस्ती के मूड में भी रहेंगे। रोजमर्रा की जिंदगी में कुछ नयापन आ सकता है। इस राशि के बच्चों को उनके शिक्षकों से तारीफ मिलेगी।

**कर्क राशि-** आज आपका दिन सामान्य रहने वाला है। परिवार में हर्षोल्लास का वातावरण रहेगा। दाम्पत्य जीवन में आपसी सामंजस्य बेहतर बना रहेगा। सेहत के लिहाज से आप चुस्त-दुरुस्त रहेंगे। विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य प्राप्ति के लिए शिक्षकों का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा।

**सिंह राशि-** आज का दिन व्यस्तता से भरा रहने वाला है। मसालेदार खाना खाने से आपकी सेहत में उतार चढ़ाव होगा। आज आपके बड़े भाई आपसे किसी विषय में चर्चा करेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों का आज कोई विरोध कर सकता है। जमीन जायदाद लेने के सिलसिले में आपको भागदौड़ करनी पड़ सकती है।

**कन्या राशि-** आज आपका दिन आपके परिवार के लिए नई खुशियां लाया है। वैवाहिक जीवन में मधुरता बढ़ेगी। आज राह चलते किसी अनजान व्यक्ति से बेवजह विवाद से बचें। संयम रखने से रुकी योजनाएं सफल होंगी। खनिज पदार्थ के व्यापारियों को अच्छा लाभ होगा। डिप्रेशन की समस्या से आपको आराम मिलेगा।

**तुला राशि-** आज आपका दिन अनुकूल रहने वाला है। संतान के साथ संबंधों में मजबूती आएगी। आज आपको पैतृक संपत्ति मिल सकती है। पुराने रोगों से आपको छुटकारा मिलेगा। आज आपके सभी काम आसानी से पूरे होंगे। कॉमर्स फील्ड के छात्रों को आज कुछ नया सीखने को मिलेगा आपका ज्ञान बढ़ेगा।

**वृश्चिक राशि-** आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। आज आप दूसरों की हरसंभव मदद करेंगे। पारिवारिक जीवन में ताल मेल बना रहेगा। आज के दिन परिवार के साथ बाहर डिनर करने का प्लान बनाएंगे। आज आप अपनी डेली रूटीन में बुक पढ़ने की हैबिट डाल सकते है। साहित्य के क्षेत्र में आपका रुझान हो सकता है।

**धनु राशि-** आज आप अपने दिन की शुरुआत शांत मन से करेंगे। आपके धन-धान्य में वृद्धि होगी। दोस्तों के साथ कहीं घूमने की प्लानिंग करेंगे। आज आपको फिजूल की बातों में पड़ने से बचना चाहिए। आपकी सेहत में कुछ उतार-चढ़ाव बना रहेगा। तली-भुनी चीजें खाने से आपको बचना चाहिए। आपके कुछखास काम में आज रूकावट आ सकती है, लेकिन शाम तक काम पूरा हो जाएगा।

**मकर राशि-** आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें, मौसम में परिवर्तन की वजह से थोड़ी परेशानी हो सकती है। समाज सेवा से जुड़े लोगों का समाज में प्रभाव बढ़ेगा, लोगों का सहयोग मिलेगा। आज के दिन अपनी वाणी पर संयम बना के रखें, किसी के विवाद में न पड़ें।

**कुंभ राशि-**आज आपका दिन शानदार रहेगा। प्रॉपर्टी से जुड़ी समस्याओं के लिए भागदौड़ के उपरांत काम बन जाएगा। सगे संबंधियों से अच्छे तालमेल बनेंगे। आज किसी असहाय की सहायता करने का मौका मिलेगा। आज आप किसी थीम पार्क घूमने जाने का प्लान बना सकते हैं, जहां अपने मित्रों के साथ खूब इंजॉय करेंगे।

**मीन राशि-** आज आपकी दिनचर्या अच्छी रहेगी। आज आपके अंदर पॉजिटीविटी बनी रहेगी, जिससे आपका मन काम करने में लगा रहेगा। आपकी भौतिक सुख सुविधाएं बनी रहेंगी। ऑनलाइन बिजनेस कर रही महिलाओं की इनकम में इजाफा होगा। आज आप किसी जरूरतमंद की मदद करने के लिए आगे आएंगे। इवेंट मनेजमेंट की पढ़ाई कर रहे स्टूडेंट आज कुछ क्रिएटिव कर सकते हैं।

# इस बार का चुनाव केजरीवाल सरकार की असलियत पर होगा

//अजीत द्विवेदी//

**दिल्ली का इस बार का चुनाव पिछले तीन चुनावों से अलग होने जा रहा है। ऐसा जमीन पर भले नहीं दिखाई दे या लोकप्रिय धारणा अभी ऐसी नहीं दिख रही हो लेकिन आम आदमी पार्टी के सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल जिस तरह से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं उससे लग रहा है कि जमीनी स्थितियां बदल गई हैं या बदल रही हैं। पहले तीन चुनावों की तरह केजरीवाल न तो अन्ना हजारे के नेतृत्व में हुए 'इंडिया अगेंस्ट करप्शन' के आंदोलन की लहर पर सवार हैं, न लोकपाल बनाने के संकल्प के आधार पर चुनाव लड़ रहे हैं, न आम आदमी होने का दावा करके चुनाव लड़ रहे हैं और न 'मुफ्त की रेवड़ी' बांटने के दम पर चुनाव लड़ रहे हैं। इस बार का चुनाव उनके और उनकी सरकार की असलियत पर होगा।**

उनके राजकाज की असलियत हवा और पानी का प्रदूषण है, यमुना की गंदगी है तो स्थायी विकास के कार्यों का ठप्प होना और दिल्ली के घाटे की अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ना है। ध्यान रहे अरविंद केजरीवाल ने पहला चुनाव आंदोलन की लहर पर लड़ा था और बदलाव की चाह रखने वाले लोगों ने उनको वोट दे दिया था। उस समय लगातार तीन बार की कांग्रेस की सरकार से लोग उबे भी थे और निर्भया आंदोलन ने भी लोगों का मतदान व्यवहार तय करने में बड़ी भूमिका निभाई थी। तब केजरीवाल की पार्टी 28 सीट के साथ दूसरे स्थान पर रही थी, जबकि 32 सीट जीत कर भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनी थी। कांग्रेस को आठ सीटें मिली थीं।

कांग्रेस ने उस समय सबसे बड़ी रणनीतिक भूल की और आप को समर्थन देकर केजरीवाल को मुख्यमंत्री बनाया। अरविंद केजरीवाल ने लोकपाल के नाम पर 49 दिन के बाद इस्तीफा दे दिया। अगला चुनाव लोकपाल और मुफ्त बिजली, पानी के नाम पर हुआ तो आदर्शवादी और आकांक्षी लोगों ने एक साथ होकर केजरीवाल को वोट दिया और वे 67 सीटें जीत गए। अगला चुनाव 'मुफ्त की रेवड़ी' और अच्छे स्कूल, अस्पताल के नाम पर हुआ और फिर आम आदमी पार्टी चुनाव जीत गई।

लेकिन 10 साल के शासन के बाद हर चीज की हकीकत लोगों के सामने है। 'इंडिया अगेंस्ट करप्शन' और अन्ना हजारे को लोग भूल चुके हैं। युवा मतदाताओं का एक बड़ा समूह ऐसा है, जिसको न तो आंदोलन याद है और न अन्ना हजारे याद हैं। इसी तरह लोकपाल भी अब किसी को याद नहीं है। वह तो खुद केजरीवाल को भी याद नहीं है। अब तो भ्रष्टाचार रोकने के लिए मोबाइल से वीडियो बना लेने जैसे बेवकूफी भरे सुझावों के विज्ञापन भी दिल्ली सरकार नहीं दे रही है। इसी तरह केजरीवाल अब मफलर लपेट, खांसते हुए आम आदमी नहीं हैं, बल्कि 50 करोड़ रुपए के खर्च से बनाए उनके 'शीशमहल' की तस्वीरें और वीडियो दिल्ली की जनता देख चुकी है। ऐसे ही 'मुफ्त की रेवड़ी' में कुछ भी अनोखापन नहीं रह गया है।

एक के बाद एक राज्यों में सत्तारूढ़ दल या विपक्षी पार्टियां ढेर सारी वस्तुएं और सेवाएं मुफ्त में बांटने का वादा करके चुनाव जीत रही हैं। जनता को पता है कि जो जीत कर आएगी वह मुफ्त की चीजें देगा। किसी पार्टी की हिम्मत नहीं है कि 'मुफ्त की रेवड़ी' बंद कर दे। इसलिए अरविंद केजरीवाल का यह भय दिखाना कि भाजपा आएगी तो मुफ्त बिजली, पानी और बस सेवा बंद कर देगी, बहुत कारगर नहीं होने वाला है।

सो, पिछले तीन चुनावों में जीत के जो फॉर्मूले थे वो या तो एक्सपोज हो गए हैं या अप्रासंगिक हो गए हैं। केजरीवाल की अब तक की जीत में एक बड़ा फैक्टर कांग्रेस पार्टी की कमजोरी का रहा है। कांग्रेस को 2013 के विधानसभा चुनाव में 24.60 फीसदी वोट आया था। अगले चुनाव में यानी 2015 में यह घट कर 9.70 फीसदी रह गई। यानी कांग्रेस का वोट 15 फीसदी कम हुआ। यह पूरा वोट और अलग से 10 फीसदी अतिरिक्त वोट आप को मिला, जिससे वह 2013 के 29.50 से बढ़ कर 2015 में 54 फीसदी वोट पर पहुंच गई। भाजपा के वोट में 0.8 फीसदी की कमी आई यानी उसने अपना वोट आधार बचाए रखा। 2020 के चुनाव में कांग्रेस और कमजोर हुई।

उसका वोट घट कर साढ़े पांच फीसदी पर आ गया, जबकि आम आदमी पार्टी को लगभग उतना ही वोट आया, जितना 2015 में आया था। इस बार फर्क यह था कि कांग्रेस का जो चार फीसदी के करीब वोट घटा वह भाजपा को चला गया। उसका वोट 33 फीसदी के औसत से बढ़ कर साढ़े 38 फीसदी हो गया। पांच फीसदी वोट बढ़ने से भाजपा की पांच सीटें बढ़ीं।

दिल्ली के चुनाव में कांग्रेस का वोट प्रतिशत घटते जाने का हिसाब सीधे तौर पर उसकी राष्ट्रीय हैसियत से जुड़ा है। वह 2013 में केंद्र की सत्ता में थी तो दिल्ली विधानसभा में उसे 24 फीसदी से ज्यादा वोट मिला। 2015 के दिल्ली चुनाव के समय तक वह बुरी तरह हार कर 44 लोकसभा सीट वाली पार्टी रह गई थी, जिसे मुख्य विपक्षी पार्टी का दर्जा भी नहीं मिला था। अगले चुनाव यानी 2020 में भी उसकी कमोबेश यही स्थिति थी। वह 2014 और 2019 का लोकसभा चुनाव बुरी तरह हारी थी। परंतु 2024 के चुनाव में उसने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। उसने 99 सीटें जीती हैं और देश भर में उसकी वापसी की चर्चा शुरू हो गई है। भले वह हरियाणा और महाराष्ट्र में हार गई, लेकिन मुस्लिम मतदाताओं में कांग्रेस की ओर रूझान दिखने लगा है। यह अरविंद केजरीवाल के लिए चिंता की बात है।

केजरीवाल की राजनीतिक सफलता मुस्लिम और प्रवासी वोटों पर टिकी हैं। अगर उसका एक हिस्सा कांग्रेस की ओर जाता है तो अरविंद केजरीवाल के लिए मुश्किल होगी। इसलिए वे कांग्रेस से मुस्लिम नेताओं को तोड़ कर उन्हें उम्मीदवार बना रहे हैं। लेकिन इससे नाराज आप के मुस्लिम नेता कांग्रेस और ऑल इंडिया एमआईएम की तरफ जा रहे हैं। आप विधायक अब्दुल रहमान कांग्रेस में गए हैं तो पार्षद ताहिर हुसैन एमआईएम में गए हैं। इस बीच आम आदमी पार्टी के महरौली के विधायक नरेश यादव कुरानशरीफ की बेअदबी के केस में दोषी ठहराए गए हैं। उनको दो साल की सजा हुई लेकिन केजरीवाल ने उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं की।

मुसलमानों में इससे भी अरविंद केजरीवाल के प्रति संशय बढ़ा है। तभी आप, कांग्रेस और एमआईएम के बीच मुस्लिम वोट बंटता है या एकमुश्त आप की ओर जाता है, इस पर बहुत कुछ निर्भर करेगा। मुस्लिम के साथ दलित वोट का रूझान भी निर्णायक होगा। दिल्ली में दलित आबादी बहुत बड़ी है और उसका एकमुश्त वोट आप को मिलता रहा है। परंतु पिछले पांच साल में उसके दो बड़े दलित चेहरे राजकुमार आनंद और राजेंद्र पाल गौतम पार्टी छोड़ कर जा चुके हैं।

केजरीवाल भले अपनी पदयात्रा में हर जगह कह रहे हों कि सभी 70 सीटों पर वे खुद लड़ रहे हैं और लोगों को उम्मीदवारों को नहीं देखना है लेकिन हकीकत यह है कि वे उम्मीदवारों पर सबसे ज्यादा मेहनत कर रहे हैं क्योंकि उनको अपने चेहरे पर भरोसा नहीं रहा। वे छोटे छोटे प्रबंधन में जुटे हैं। बाहर से लाकर नेताओं को टिकट दे रहे हैं। अपने विधायकों की टिकट काट रहे हैं या उनकी सीट बदल रहे हैं और मुफ्त की नई रेवड़ियों की घोषणा कर रहे हैं। 2013 में उन्होंने कांग्रेस को उसी दिन हरा दिया था, जिस दिन ऐलान किया था कि वे नई दिल्ली सीट पर तत्कालीन मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के खिलाफ लड़ेंगे। लेकिन 2024 में उसी दिन कमजोर दिखने लगे, जिस दिन उन्होंने अपने नंबर दो मनीष सिसोदिया की सीट पटपड़गंज से बदल कर जंगपुरा कर दी। अरविंद केजरीवाल के नंबर दो नेता, जिन्होंने कथित तौर पर दिल्ली में शिक्षा क्रांति की है, जो कथित तौर पर दिल्ली के बच्चों के 'मनीष चाचा' हैं, जिनको केंद्र सरकार ने कथित तौर पर सिर्फ इसलिए जेल भेजा ताकि दिल्ली की शिक्षा क्रांति को रोका जा सके, वे उस सीट से चुनाव नहीं लड़ेंगे, जहां से तीन बार जीते हैं। वहां से चुनाव लड़ने के लिए एक कोचिंग संचालक को लाया गया है, जिनकी रील्स सोशल मीडिया में काफी लोकप्रिय होती हैं। वे थोक के भाव कांग्रेस और भाजपा के पूर्व विधायकों को अपनी पार्टी की टिकट दे रहे हैं।बहरहाल, इसमें संदेह नहीं है कि अरविंद केजरीवाल अब भी दिल्ली में सबसे बड़ी ताकत हैं। वे लगातार दो विधानसभा चुनावों में 50 फीसदी से ज्यादा वोट लेकर जीते हैं। परंतु इस बार वह स्थिति नहीं दिख रही है। इस बार किसी लहर की बजाय छोटे छोटे प्रबंधनों से और उम्मीदवार बदल कर केजरीवाल सत्ता विरोधी लहर को थामना चाहते हैं तो मुफ्त की नई रेवड़ियों की घोषणाओं से अपने वोट आधार को खुश करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने ऑटो वालों के लिए नई योजनाओं की घोषणा की है। आने वाले दिनों में कुछ और नई घोषणाएं होंगी। ऐसी घोषणाएं तो भाजपा भी करेगी। तभी मुकाबला हर सीट पर होगा और जमीनी प्रबंधन व वोट डलवाने की जिसकी मशीनरी बेहतर होगी वह जीतेगा।

# एक और अफगानिस्तान बन सकता है सीरिया

//श्रुति व्यास//

**सीरिया किसका होगा। वहां मची अफरातफरी का फायदा कौन-कौन उठाएगा। वहां की ज़मीन पर किसकी मर्जी चलेगी। ये कुछ सवाल हैं जिनका जवाब खोजने के लिए ज्ञानीजन, गुप्तचर संस्थाएं और पूरी दुनिया वहां के घटनाक्रम पर पैनी निगाहें रखे हुए हैं।**

इस टूटे-बिखरे देश की कुंडली में शायद यही सब लिखा है। यह देश अब स्वयं अपने लिए एक बोझ है। लेकिन सिर्फ अपना फायदा देखने वाली ताकतों के लिए यह एक जायजाद है, अपना प्रभुत्व कायम करने की जगह है। बशर अल-असद, जो सीरिया से भागकर मास्को पहुंच गए हैं, के अचानक तख्तापलट के बाद से सीरिया में कई स्थानों पर बमबारी हुई है। जाहिर है पश्चिम एशिया की इलाकाई ताकतें सीरिया में अपने हितों की रक्षा के लिए छीना-झपटी कर रही हैं। इजराइल, तुर्की और अमेरिका ने वहां हमले किये हैं और असद के पुराने दोस्त रूस और ईरान भी सीरिया के भविष्य के निर्धारण में अपनी भूमिका चाहते हैं।

जाहिर है आने वाले समय में जो चुनौतियाँ इस देश के सामने होंगी, उनसे पार पाना आसान नहीं होगा।

सीरिया पिछले कई दशकों से बर्बरता का शिकार रहा है। वहां के गृहयुद्ध में तीन लाख से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। सन् 2011 से अब तक करीब एक लाख लोग या तो लापता हो गए हैं या उन्हें गायब कर दिया गया है। वे अब कहां हैं और कहीं हैं भी कि नहीं। इसका खौफनाक हिसाब-किताब अब शुरू होने वाला है। देश की करीब आधी आबादी (1.20 करोड़ लोग) अपने घर-बार छोडने़ पर मजबूर कर दिए गए। दसियों हजार बिना मुकदमों के जेलों में बंद हैं। उन्हें भीषण यातनाएं दी गईं हैं। अब जेलें धीरे-धीरे खाली हो रही हैं, और गुस्से और कड़वाहट से भरे, शरीर और मन से घायल और बदले की आग में जल रहे लोगों का सैलाब पहले से ही तहस-नहस समाज में वापिस लौट रहा है। तुर्की और जोर्डन में रह रहे दसियों लाख शरणार्थी बड़ी संख्या में वापिस आ सकते हैं। यूके और अन्य यूरोपीय देशों ने भी कहा है कि असद का राज समाप्त होने के बाद वे सीरियाईयों के शरण देने के आवेदनों पर आगे की कार्यवाही नहीं कर रहे हैं। आस्ट्रिया पहले से सीरियाईयों को वापिस भेजने का सिलसिला शुरू कर चुका है। मानवीय एवं सुरक्षा आपदा देश पर मंडरा रही है।

इस बीच एचटीएस के प्रमुख अबू मोहम्मद अल-जोलानी, जिसके अलकायदा से रिश्ते रहे हैं, और जो एक इनामी आतंकवादी से एक राष्ट्र का मुक्तिदाता बन गया हैं, ने भविष्य की अपनी योजनाओं की एक झलक पेश की है। दमिश्क की प्रसिद्ध उम्मेयाद मस्जिद में एक बड़ी भीड़ को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सीरिया कड़ी मेहनत से इस्लामिक देशों के लिए एक प्रकाश स्तंभ बनेगा।

उनके ये शब्द कान खड़े करने वाले हैं!

एचटीएस द्वारा 2016 में अलकायदा से संबंध तोड़ लेने के बाद से अबू मोहम्मद अल-जोलानी के नेतृत्व में इदलिब से दमिश्क तक हमलों का सिलसिला चला और इस दौरान संगठन की छवि एक मध्यमार्गी या कम कट्टर संगठन की बनाने का प्रयास किया गया। सीएनएन के साथ एक इंटरव्यू में अल-जोलानी ने कहा कि वे सीरिया के अल्पसंख्यकों का सम्मान करेंगे और यह भी कि किसी भी समूह को किसी अन्य समूह को नष्ट करने का अधिकार नहीं है। अल्लेपो से आ रही शुरूआती खबरों के मुताबिक शहर पर एक हफ्ते पहले हुए एचटीएस के कब्जे के बाद से वहां के ईसाई अल्पसंख्यकों को किसी परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा है। मगर सवाल यह है कि जोलानी किस तरह के इस्लामिक राष्ट्र की बात कर कर रहे हैं।

अमेरिका, रूस और संयुक्त राष्ट्रसंघ सभी जोलानी को आतंकवादी और एचटीएस को आतंकी संगठन मानते हैं। इसलिए यदि सत्ता पर उनका कब्जा हो जाता है तो जटिल हालात बन जाएंगे। तुर्की और कतर से उनके नजदीकी रिश्तों से अरब देशों में नाराजगी है क्योंकि वे नहीं चाहते कि सीरिया में तुर्की और क़तर का प्रभाव बढ़े। कई जानकारों का मानना है कि जोलानी दूसरा असद बन सकते हैं और दूर तक सोचने वाले सीरिया के नागरिकों को भी यह चिंता है कि कहीं एक तानाशाह की जगह दूसरा तानाशाह न ले ले। बस फर्क सिर्फ इतना होगा कि नया तानाशाह इस्लामवादी होगा।

कुल मिलाकर माहौल में बहुत घबराहट है।

इंटरव्यू में जोलानी के नरम रूख से ऐसा लगता है कि सीरिया में उनके नेतृत्व में बेहतरी की ओर बदलाव हो सकता है। लेकिन शक की गुंजाईश तो है। इस्लामिक देश' का नारा बुलंद करने और अलकायदा से उसके पुराने संबंधों के चलते एचटीएस तालिबान का सीरियाई संस्करण भी बन सकता है।

हालांकि फिलहाल बहुत से सीरियाई एचटीएस के झंडे तले एकत्रित हो रहे हैं। लेकिन समस्या यही नहीं है। सीरिया में कई दूसरे विद्रोही समूह भी हैं, जिनके इरादे और सरोकार बहुत अलग हैं। और वे भी आपदा में अवसर तलाश रहे हैं। सबसे कठिन काम इन समूहों से जोलानी का नेतृत्व स्वीकार करवाना होगा। खबरों के मुताबिक पिछले कई सालों में जोलानी जितना राष्ट्रपति असद के खिलाफ भिड़े, उससे ज्यादा उनकी भिडंत इन समूहों से हुई।

युद्ध की शुरूआत से लेकर अब तक सीरिया में हुए घटनाक्रम के जड़ में है बर्बादी लाने वाला विदेशी हस्तक्षेप। और यह आगे के लिए भी बड़ा खतरा है। असद की सेना के भागने के कुछ ही घंटों बाद जमल अल-शाहयाक, जो हरमोन पर्वत श्रंखला की सबसे ऊंची चोटी है, पर स्थित निगरानी चौकी पर इजराइली कमांडो के एक दस्ते ने कब्जा कर लिया है। अर्दोगान, जिनके सिर पर उत्तरी सीरिया और ईराक से कुर्दों के खतरे का भूत सवार है, ने एचटीएस को हमले के लिए तब हरी झंडी दिखाई जब असद ने सीरिया के अंदर एक बफर जोन बनाने के उनके प्रस्ताव को ठुकरा दिया। अब तुर्की के और ज्यादा सैनिक सीरिया में घुसकर अर्दोगान के सरोकारों के हिसाब से काम कर सकते हैं।सीरियाई एक शांतिपूर्ण सत्ता हस्तांतरण की उम्मीद कर रहे हैं ताकि देश में सामान्य हालात कायम हो सकें। लेकिन यह आसान नहीं होगा। हर पात्र, हर देश अपना प्रभाव कायम करने का प्रयास करेगा। संभवतः सीरियाई अराजकता, अव्यवस्था और अशांति के घेरे में फंसे रहेंगे। एचटीएस के उभार के साथ इस क्षेत्र में वैश्विक उग्रवाद का खतरा फिर उभर सकता है। सीरिया के अंदर और बाहर इतने सारे विभाजक तत्वों और खतरों की मौजूदगी के चलते शांति और सद्भाव कायम होना बहुत मुश्किल नजर आ रहा है। सीरिया एक और अफगानिस्तान बन सकता है।

## तस्वीरों की दुनिया



भारत में जापान के राजदूत ओएनओ केइची ने डीएमआरसी के प्रबंध निदेशक विकास कुमार के साथ नई दिल्ली में केंद्रीय सचिवालय से चावड़ी बाज़ार तक दिल्ली मेट्रो की सवारी की।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रयागराज में विभिन्न विकास परियोजनाओं के उद्घाटन और शुभारंभ के दौरान।



15वीं भारत-यूएई संयुक्त आयोग बैठक के दौरान विदेश मंत्री एस. जयशंकर और यूएई के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान।



मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव रायसेन जिले में राज्य सरकार के एक वर्ष पूरा होने के अवसर पर रातापानी टाइगर रिजर्व के उद्घाटन के दौरान संबोधित करते हुए।



मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, अभिनेता रणदीप हुड्डा के साथ रायसेन जिले में राज्य सरकार के एक वर्ष पूरा होने के अवसर पर रातापानी टाइगर रिजर्व के उद्घाटन के दौरान बाइक चलाते हुए।



ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने भुवनेश्वर में लोक सेवा भवन के कन्वेंशन हॉल में आयोजित नियुक्ति मेला में उम्मीदवार को नियुक्ति पत्र जारी किया।



महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार और एनसीपी की राज्यसभा सांसद सुनेत्रा पवार ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की।

# राहुल के राजनीतिक करियर के लिए प्रियंका बड़ा खतरा

## अमित मालवीय ने कांग्रेस नेता पर जमकर साधा निशाना




**नईदिल्ली, 14 दिसम्बर [एजेंसी]।**

भाजपा के आइटी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने प्रियंका गांधी को अपने भाई राहुल गांधी के राजनीतिक करियर के लिए खतरा बताया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सांसद प्रियंका के लोकसभा में पहले भाषण को अगर कोई संकेत माना जाए तो वह सदन में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के राजनीतिक करियर के लिए सबसे बड़ा खतरा हो सकती हैं।प्रियंका ने शुक्रवार को सदन में संविधान पर चर्चा के दौरान 32 मिनट तक हिंदी में भाषण दिया। लोकसभा में उनका यह पहला संबोधन था। मालवीय ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, अगर प्रियंका गांधी वाड्रा के पहले संबोधन का कोई संकेत माना जाए तो वह राहुल गांधी के राजनीतिक करियर के लिए सबसे बड़ा खतरा हैं। न केवल भावी उत्तराधिकारी बल्कि किसी ऐसे व्यक्ति के रूप में सार्वजनिक चर्चा का स्तर ऊपर उठाने में वह उनसे आगे निकल सकती हैं। लोकसभा में संविधान पर चर्चा के दौरान वायनाड से कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने शुक्रवार को पहली बार भाषण दिया। प्रियंका ने कहा कि वाद विवाद की संस्कृति हमारी दशकों पुरानी है।

उन्होंने कहा कि इसी परंपरा से हमारा स्वतंत्रता संग्राम उभरा और आजादी की लड़ाई लड़ी गई। उन्होंने कहा कि इस आजादी की लड़ाई में एक आवाज उठी और वो देश की आवाज थी जो आज हमारा संविधान है। प्रियंका ने इस दौरान यूपी की योगी सरकार को भी खूब घेरा।प्रियंका गांधी ने अपने पहले भाषण में यूपी के संभल हिंसा का भी मुद्दा उठाया। संविधान पर चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि एक 17 साल का बच्चा अदनान मेरे पास आया था, वो संभल हिंसा का पीड़िता था। उन्होंने कहा वो एक टेलर का बेटा था जो हर रोज अपने बच्चे को स्कूल छोड़ने जाते थे।कांग्रेस सांसद ने आगे कहा कि जब उसके पिता छोड़ने जा रहे थे, तो संभल में हिंसा हुई और पुलिस की गोली में उनकी जान चली गई। जब वो लड़का मिला तो उसने मुझसे बस यही कहा कि मेरे पिता मुझे डॉक्टर बनाना चाहते थे और मैं बनकर दिखाउंगा। प्रियंका ने कहा कि ये सपने देखने की ताकत भी संविधान ने ही दी है।

### पटना में देर रात पुलिस से मुठभेड़ में कुख्यात लुटेरा अजय ढेर, एसटीएफ के इंस्पेक्टर को भी लगी गोली

**पटना।** पटना के जक्कनपुर इलाके के संजय नगर रोड नंबर दस में शुक्रवार की रात लगभग 10 बजे एसटीएफ ने मुठभेड़ में बिहार में सारण के एक कुख्यात अपराधी को मुठभेड़ में ढेर कर दिया। उसकी पहचान अजय कुमार राय उर्फ काका के रूप में हुई है। वह कुख्यात सोना लुटेरा था और चंदन सोनार गिरोह का प्रमुख सदस्य था। वहीं, इस मुठभेड़ में एसटीएफ के इंस्पेक्टर दिवाकर को भी गोली लगी है, उनको अस्पताल पहुंचाया गया है। मुठभेड़ के बाद एसटीएफ और पटना पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं। उसके पास से पिस्टल व गोलियां बरामद की गईं हैं। जक्कनपुर थाना प्रभारी रितुराज सिंह ने मुठभेड़ में अजय राय के मारे जाने की पुष्टि की है। बताया गया कि अजय राय के विरुद्ध हरियाणा व बिहार के सारण और आरा में नौ मामले दर्ज हैं। इनमें सबसे अधिक सारण में हैं। डकैती, लूट, हत्या और आर्म्स एक्ट के मामले में वह वांछित था। पटना में छह वर्षों बाद यह दूसरी मुठभेड़ है। इसके पूर्व पाटलिपुत्र स्टेशन से कुछ दूर पूर्वी गोला रोड में मुठभेड़ में कुख्यात अभिषेक कुमार उर्फ मुचकुंद मारा गया था।

# गर्भवती महिला की गोली मारकर हत्या, जुर्म छिपाने को चली गजब चाल

## पुलिस ने पति-जीजा को किया गिरफ्तार



**भुवनेश्वर, 14 दिसम्बर [एजेंसी]।**

ओडिशा पुलिस ने शुक्रवार को सुंदरगढ़ जिले में एक गर्भवती महिला की हत्या के मामले में उसके पति सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। ऐसी खबरें थीं कि बुधवार रात सुंदरगढ़ के बोनाई इलाके में कुछ अज्ञात बदमाशों ने महिला (31) की गोली मारकर हत्या कर दी, जिन्होंने उसकी सोने की चेन छीनने की कोशिश की। लेकिन जब पुलिस ने छानबीन की तो मामला कुछ और ही निकला।दरअसल जुर्म को छिपाने के लिए मर्डर को लूट दिखाने की कोशिश की थी। पुलिस ने हत्या के मामले में मृतक संयमयी बेहरा के पति देबेन बेहरा और उनके बहनोई (बहन के पति) सत्य नारायण बेहरा को गिरफ्तार कर लिया है। देबेन गुरुंडिया में पंचायत कार्यकारी अधिकारी (पीईओ) के रूप में कार्यरत थे, जबकि सत्य नारायण राउरकेला शहर में एक पुलिस एएसआई हैं। पुलिस ने मामले के सिलसिले में एक बंदूक और तीन जिंदा गोलियां जब्त की हैं।

राउरकेला के पुलिस अधीक्षक नितेश वाधवानी ने कहा कि हत्या के पीछे का कारण मुख्य आरोपी देबेन बेहरा का एक अन्य महिला के साथ प्रेम संबंध है। डेबेन और उसके बहनोई ने अपराध में इस्तेमाल किए गए हथियार को छिपाने की भी साजिश रची थी। उन्होंने मीडिया के सामने दावा किया था कि बुधवार रात जब गर्भवती महिला ने दस्तक होने पर दरवाजा खोला तो अज्ञात हमलावरों ने उसके सीने पर गोली चला दी और वे उसका मंगलसूत्र लेकर भाग गए।डेबेन ने कहा था कि वह बेडरूम में सो रहे थे, तभी उन्होंने बम धमाके जैसा जोरदार धमाका सुना और जब वह बाहर निकले तो उन्होंने देखा कि हर तरफ धुआं ही धुआं है और एक शख्स भाग रहा है। बोनाई पीएचसी में डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

हालांकि, पुलिस को डेबेन की मां और चाची के बयानों में विसंगति मिलने के बाद गड़बड़ी का संदेह हुआ। मृतक महिला के माता-पिता ने यह भी आरोप लगाया कि हत्या के पीछे डेबेन और उसका परिवार था। इस जोड़े ने इसी साल फरवरी में शादी की थी। पुलिस के मुताबिक, डेबेन अपने इलाके की एक महिला के साथ विवाह के बाद भी संबंध था। उसने अपनी पत्नी संयमयी को मारने की साजिश रची थी। पुलिस ने पहले देबेन, सत्य नारायण और कुछ अन्य लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया था।

# सीरिया में जीना मुश्किल होगा, लाखों लोग पहुंच रहे लेबनान, तख्तापलट के बाद अमेरिका की क्यों बढ़ी टेंशन



**बेरूत, 14 दिसम्बर [एजेंसी]।**

इस्लामिक शासन और उसकी पाबंदियों की आशंका से सीरिया से शिया समुदाय के लोगों और अन्य अल्पसंख्यकों का पलायन हो रहा है। दसियों हजार लोग भागकर पड़ोसी देश लेबनान पहुंचे हैं। दमिश्क पर कब्जा करने वाले सुन्नी संगठन हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस) ने इस्लामिक मान्यताओं के अनुसार शासन चलाने का एलान किया है लेकिन अल्पसंख्यकों के रीत-रिवाजों को भी महत्व देने की बात कही है। लेकिन शिया और अन्य अल्पसंख्यकों को इस आश्वासन पर भरोसा नहीं है। लेबनानी अधिकारियों के अनुसार आठ दिसंबर से अभी तक अल्पसंख्यकों और अन्य लोगों समेत एक लाख से ज्यादा सीरियाई लेबनान पहुंच चुके हैं। सीरिया में रहने वाले अल्पसंख्यकों और अन्य के लिए लेबनान का माहौल और वहां पहुंचना अन्य पड़ोसी देशों की तुलना में सुविधाजनक है। दसियों हजार अल्पसंख्यक लेबनान पहुंच चुके हैं और हजारों लोग उससे लगने वाली सीरिया की सीमा पर मौजूद हैं। उनसे बातचीत में उनके भीतर का भय बाहर आता है। एचटीएस के कब्जे के बाद दमिश्क में मनाई जा रही खुशियों के उलट अल्पसंख्यकों को आशंका है कि सीरिया में जीवन अब मुश्किल होने वाला है। असद के शासन में आमजनों के लिए नियमों-कानूनों को लेकर ज्यादा समस्याएं नहीं थीं लेकिन इस्लामिक शासन व्यवस्था स्थितियां बदल देगी। अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने पश्चिम एशिया के देशों खासतौर से सीरिया के पड़ोसियों से अपील की है कि वे नई शासन व्यवस्था को शांतिपूर्ण तरीके से स्थापित होने में मदद करें।

ब्लिंकन ने शुक्रवार को अंकारा में तुर्किये के राष्ट्रपति रीसेप तैयप एर्दोगन से वार्ता करने के बाद वहां के विदेश मंत्री से मुलाकात की है। उसी के बाद ब्लिंकन ने यह अपील जारी की है। वैसे तो इजरायल अक्सर ही सीरिया पर हवाई हमले करता रहता है लेकिन आठ दिसंबर से उसने इन हमलों की झड़ी लगा रखी है। बीते छह दिनों में इजरायली वायुसेना ने सीरिया में 400 से ज्यादा हवाई हमले किए हैं।

# क्या होगी सेटेलाइट स्पेक्ट्रम की नीलामी, ज्योतिरादित्य सिंधिया ने दिया दो टूक जवाब

**नईदिल्ली, 14 दिसम्बर [एजेंसी]।**



केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शुक्रवार को कहा कि सेटेलाइट स्पेक्ट्रम का आवंटन पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर नहीं किया जाएगा। 2जी सेवाओं के लिए स्पेक्ट्रम का आवंटन इसी तरीके से हुआ था, जिस पर काफी विवाद हुआ था।इंडिया इकोनमिक कॉन्क्लेव में बोलते हुए सिंधिया ने कहा कि सेटेलाइट स्पेक्ट्रम की नीलामी करना संभव नहीं है। इसका कारण यह है कि इससे विज्ञान जुड़ा हुआ है और किसी भी देश ने इसके लिए रेडियो तरंगों की नीलामी नहीं की है।उन्होंने कहा कि दुनिया में ऐसा कोई देश नहीं है, जो सेटेलाइट स्पेक्ट्रम की नीलामी करता हो, क्योंकि इसकी नीलामी करना भौतिक रूप से असंभव है। अगर आप आर्थिक तर्क लाते हैं तो फिर आप इसे प्रशासनिक रूप से कैसे आवंटित करेंगे। मूल्य निर्धारण पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर नहीं होने जा रहा है। ऐसा कुछ नहीं होने वाला है। दूरसंचार मंत्री ने कहा कि दूरसंचार नियामक ट्राई आवंटन की कीमत तय करेगा और उसके आधार पर लाइसेंस पाने वाले हरेक व्यक्ति को स्पेक्ट्रम आवंटित किया जाएगा। दरअसल, परंपरागत दूरसंचार सेवाएं मुहैया करा रही कंपनियों ने सेटेलाइट स्पेक्ट्रम का आवंटन नीलामी के बगैर प्रशासनिक स्तर पर ही किए जाने के प्रस्ताव का विरोध किया है।

हालांकि, सरकार ने लगातार इसकी नीलामी से इन्कार किया है। दूरसंचार मंत्री ने घाटे में चल रही सरकारी दूरसंचार कंपनी बीएसएनएल के बारे में कहा कि यह कंपनी 2021 से परिचालन लाभ कमा रही है और उसका राजस्व भी लगभग 12 प्रतिशत बढ़कर 21,000 करोड़ रुपये हो गया है। बीएसएनएल ने स्वदेशी रूप से विकसित प्रौद्योगिकी पर आधारित नेटवर्क शुरू करने का विकल्प चुना था, जिसकी वजह से उसे 4जी सेवाओं की पेशकश करने में थोड़ी देर हुई है। उन्होंने कहा कि जून 2025 तक देश के हर कोने में दूरसंचार कनेक्टिविटी उपलब्ध हो जाएगी।

# सज गई थी 88 वर्षीय बुजुर्ग की अर्थी फिर पड़ोसी ने बुला ली पुलिस

**ग्वालियर, 14 दिसम्बर [एजेंसी]।**

मध्य प्रदेश के ग्वालियर की राय कालोनी में रहने वाली 88 वर्षीय कमला देवी कोष्टा को उनके ही बेटों प्रेम नारायण और डालचंद ने गला घोंटकर मार दिया। यह पाप इसलिए किया ताकि चलने-फिरने में लाचार हो चुकी मां की देखभाल नहीं करनी पड़े। दिल दहला देने वाली इस वारदात का राजफाश होने के बाद ग्वालियर थाने की पुलिस ने गुरुवार रात दोनों के विरुद्ध हत्या का प्रकरण दर्ज कर उनको गिरफ्तार कर लिया। आरोपित प्रेम नारायण और डालचंद ने मां कमला देवी की हत्या नौ दिसंबर को कर दी थी। सामान्य मौत बताकर अंतिम संस्कार की तैयारी करने लगे। अर्थी सज गई, लेकिन तभी पड़ोस में रहने वाली महिला को संदेह हुआ। उसने गले पर निशान देख पुलिस को खबर कर दी। ग्वालियर थाने की पुलिस पहुंची और



पूछताछ की तो बेटों ने बताया कि मां की बीमारी से मौत हुई है। पुलिस ने दबाव डाला और पोस्टमार्टम के लिए शव भेजा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में राज खुला कि गर्दन की हड्डी टूटी है। गला दबाकर मारा गया है।दोनों बेटे मां को साथ रखना नहीं चाहते थे। मां को कुछ समय पहले बेघर करने पर वरिष्ठ नागरिक भरण पोषण अधिनियम के तहत उनके विरुद्ध एफआईआर भी दर्ज हुई थी। इसके बाद दोनों भाइयों ने मां को एक-एक माह रखने का अनुबंध किया। दोनों कई बार तो उन्हें खाना तक नहीं देते थे। थानाप्रभारी आसिफ मिर्जा बेग ने बताया कि जब वृद्धा की मौत के बाद सूचना मिली कि यह मामला संदिग्ध है तो तुरंत पुलिस बल मौके पर पहुंचा। इस दौरान दोनों बेटे फूट-फूटकर रोने लगे। बहुत नौटंकी की। दोनों का प्रयास था कि पार्थिव देह का पोस्टमार्टम न हो।

एक दुकानदार बाद में थाने आया और बोला कि यह दोनों इतना रो ही नहीं सकते।दोनों मां को बोझ समझते थे। एक कोठरी में उन्हें छोड़ रखा था। मोहल्ले वाले उनकी स्थिति देखकर खाना-कपड़े दे देते थे। सर्दी में उनके पास गर्म कपड़े तक नहीं थे। यहां से पुलिस का शक गहराया। फिर दोनों की गतिविधि पर निगाह रखी गई। घटना वाले दिन नौ दिसंबर को इनके हर मूवमेंट से जुड़े तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण किया गया। इस बीच पोस्टमार्टम रिपोर्ट से हत्या की पुष्टि हो गई।

# नई दिल्ली सीट से ही चुनाव लड़ेंगे केजरीवाल, पूर्व सीएम ने किया ऐलान

## सीएम आतिशी की सीट भी हुई कन्फर्म



**नईदिल्ली, 14 दिसम्बर [एजेंसी]।**

आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव में नई दिल्ली सीट से ही चुनाव लड़ेंगे। आप सुप्रीमो और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा कि वह आगामी विधानसभा चुनाव में अपनी नई दिल्ली सीट से ही चुनाव लड़ेंगे। केजरीवाल ने कहा कि नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र में मुकाबला मुख्यमंत्री पुत्रों और आम आदमी के बीच होगा।कांग्रेस ने तीन बार की सीएम शीला दीक्षित के बेटे संदीप दीक्षित को मैदान में उतारा है, जबकि बीजेपी उनके खिलाफ पूर्व मुख्यमंत्री मंत्री साहिब सिंह वर्मा के बेटे परवेश वर्मा को मैदान में उतार सकती है। एक निजी चैनल के कार्यक्रम में केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी भी किसी अन्य सीट पर नहीं जाएंगी और अपने कालकाजी निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगी।जब उनसे सीट बदलने की संभावना के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, कोई बदलाव नहीं होगा। मैं नई दिल्ली सीट से और मुख्यमंत्री आतिशी कालकाजी से चुनाव लड़ेंगी। केजरीवाल ने कहा कि आम आदमी पार्टी उनके नाम पर दिल्ली विधानसभा चुनाव लड़ रही है और दावा किया कि उनकी पार्टी अच्छे जनादेश के साथ चौथी बार सत्ता में आएगी। केजरीवाल ने कहा, यह चुनाव केजरीवाल के नाम पर लड़ा जा रहा है और मैं दिल्ली का मुख्यमंत्री बनूंगा। मुख्यमंत्री के रूप में शीशमहल में रहने के विवाद और भाजपा के आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए केजरीवाल ने कहा कि उत्तरी दिल्ली में 6, फ्लैग स्टाफ रोड पर स्थित बंगला दिल्ली के मुख्यमंत्री के लिए था। उन्होंने कहा, मैं दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में वहां रहता था। अगर कोई और दिल्ली का मुख्यमंत्री बनता है, तो वह वहां रहेगा। मैंने बंगला नहीं बनाया। इसे पीडब्ल्यूडी ने बनाया था। जब वह एक कार्यकर्ता थे तो झुग्गी बस्ती में रहते थे। केजरीवाल ने कहा कि जब से उन्होंने मुखरता से दिल्ली में खराब कानून-व्यवस्था की स्थिति और गैंगस्टर कैसे पनप रहे हैं, के बारे में बात करना शुरू किया है।

# गुजरात में फर्जी ईडी टीम का भंडाफोड़ आम आदमी पार्टी का नेता निकला सरगना



**अहमदाबाद, 14 दिसम्बर [एजेंसी]।**

गुजरात में एक फर्जी ईडी टीम पकड़ी गई है। इस फर्जी ईडी टीम का सरगना अब्दुल सत्तार है। राज्य के गृह मंत्री हर्ष सांघवी ने बताया कि अब्दुल सत्तार आम आदमी पार्टी का नेता है। वह ईडी की नकली टीम बनाकर, उसका कैप्टन बनकर लोगों को लूट रहा था। पुलिस ने कच्छ में इस टीम को पकड़ा है। गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष सांघवी ने अपने एक्स अकाउंट पर यह जानकारी साझा की है। उन्होंने एक्स पर आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के साथ सत्तार की तस्वीरें भी पोस्ट कीं और उन्हें कैप्शन लिखा, केजरीवाल के चेलों की असली करतूत।अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी का एक और कारनामा सामने आया है! गुजरात में पार्टी के नेता ने ईडी की नकली टीम बनाई और उसके कैप्टन बनकर लोगो को लूटाहर्ष सांघवी द्वारा तस्वीर में सत्तार को केजरीवाल से हाथ मिलाते हुए दिखाया गया है, जबकि दूसरी तस्वीर में उसे राज्य चुनाव के दौरान गुजरात के मुख्यमंत्री पद के लिए आप के चेहरे इसुदान गढ़वी के साथ दिखाया गया है।

आम आदमी पार्टी के प्रदेश महासचिव अब्दुल सत्तार को कई साथियों के साथ ईडी अधिकारियों के रूप में पेश करने और कच्छ के गांधीधाम में एक जौहरी से पैसे वसूलने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। फर्जी टीम ने राधिका ज्वैलर्स और उसके मालिक के आवास पर छापा मारकर 22.25 लाख रुपये का सोना, चांदी और नकदी चुरा ली। जौहरी ने शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद जांच हुई और बाद में गिरफ्तारियां हुईं। आरोपितों के पास फर्जी पहचान पत्र और दस्तावेज पाए गए, जो ईडी की नकल करते थे। यह मामला ऐसे समय में सामने आया है जब आम आदमी पार्टी दिल्ली विधानसभा चुनाव में सत्ता बरकरार रखने की तैयारी कर रही है।

# वैदिक मंत्रों के बीच पीएम मोदी ने किया संगम अभिषेक

**प्रयागराज, 14 दिसम्बर [एजेंसी]।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को तीर्थराज प्रयागराज की पावन धरा पर त्रिवेणी संगम में पूजा अर्चना कर 13 जनवरी से 26 फरवरी तक होने जा रहे महाकुम्भ के सफल आयोजन की कामना की। पीएम मोदी ने इस अवसर पर गंगा, यमुना और सरस्वती की त्रिवेणी की आरती कर वैश्विक कल्याण का भी संकल्प लिया। तीर्थ पुरोहितों के द्वारा वैदिक मंत्रों के बीच पूरा कार्यक्रम संपन्न कराया गया। इस दौरान पीएम मोदी ने त्रिवेणी में अक्षत, चंदन, रोली, पुष्प और वस्त्र भी अर्पित किए। इससे पूर्व पीएम मोदी ने प्रमुख साधु संतों का आशीर्वाद भी लिया। इस अवसर पर पीएम के साथ सीएम योगी और राज्यपाल आनंदी बेन पटेल भी मौजूद रहीं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी निषादराज क्रूज पर सवार होकर संगम नोज पर पहुंचे। किला घाट पर फ्लोटिंग जेटी से होते हुए वो क्रूज पर सवार हुए। व्हाइट कुर्ता-पजामा, ब्लू जैकेट, मैरून कलर की शॉल पहने पीएम मोदी ने क्रुज पर सवार होने के बाद डेक पर खड़े होकर यमुना की लहरों को निहारा। यहां से वह घूम-घूमकर पूरे क्षेत्र का अवलोकन भी करते नजर आए। इसके बाद रिवर क्रूज पर विहार का भी आनंद उठाया। संगम नोज पर सीएम योगी और राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने एक बार फिर उनका स्वागत किया।

इसके बाद पीएम मोदी ने साधु संतों से मुलाकात की और उनका अभिवादन किया। इस दौरान एक संत ने उन्हें मोतियों की माला भी भेंट की। यहां से पीएम सीधे संगम नोज पर बने पंडाल में पहुंचे। यहां उपस्थित तीर्थ पुरोहितों ने उन्हें आसन ग्रहण कराया। पीएम के अगल-बगल में सीएम योगी और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने भी आसन ग्रहण किया। इसके बाद तीर्थ पुरोहितों के वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पीएम मोदी ने पूजा अर्चना की। तीर्थ पुरोहितों ने उनसे आचमन भी कराया।

# मुठभेड़ में नीरज बवाना गिरोह के बदमाश को लगी गोली, दिल्ली पुलिस ने किया गिरफ्तार

**दक्षिणी दिल्ली, 14 दिसम्बर [एजेंसी]।**

दक्षिण-पूर्वी जिले के एएटीएस स्टाफ ने मुठभेड़ के दौरान नीरज बवाना गिरोह के एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ में गोली लगने से आरोपित घायल हो गया। पुलिस ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया है। वह हत्या, हत्या प्रयास सहित अन्य संगीन वारदातों में शामिल रहा है। इससे पहले दिल्ली पुलिस ने कापसहेड़ा बॉर्डर इलाके में विपिन उर्फ काला बंदर को एनकाउंटर में गिरफ्तार किया था। उसे भी पुलिस की गोली लगी थी।पुलिस उपायुक्त रवि कुमार सिंह ने बताया कि बदमाश की पहचान ग्रेटर कैलाश पार्ट एक के जमरूदपुर निवासी सचिन के रूप में हुई है। पुलिस ने उससे अत्याधुनिक पिस्तौल, एक मैगजीन, दो खाली कारतूस और एक बाइक बरामद की गई है। वह लाजपत नगर में हत्या प्रयास के मामले में वांछित था। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि 12 दिसंबर को एएटीएस टीम को सूचना मिली थी कि बदमाश सचिन 13 दिसंबर की सुबह फरीदाबाद से करणी सिंह शूटिंग रेंज रोड होते हुए तुगलकाबाद आएगा। पुलिस को पता चला कि वह अभिषेक उर्फ पिद्दी के साथ लाजपत नगर में हुई फायरिंग की वारदात में भी शामिल रहा है। पुलिस ने करणी सिंह शूटिंग रेंज मुख्य सड़क पर घेराबंदी कर ली। जैसे ही सचिन बाइक से आया तो पुलिस ने उसे आत्मसमर्पण करने के लिए कहा। इस पर आरोपित ने पुलिस पर फायरिंग कर दी।



एक गोली एसआइ शुभम चौधरी की बुलेटप्रूफ जैकेट पर लगी। जवाबी कार्रवाई में आरोपित सचिन के दाहिने पैर में पुलिस की गोली लगी। तभी पुलिस ने उसे दबोच लिया और उपचार के लिए एम्स ट्रामा सेंटर भेज दिया। मूलरूप से बिहार के मधुबनी के रहने वाला बदमाश सचिन जमरूदपुर में किराए पर रहता है। उसके पिता कैलाश कॉलोनी में रेहड़ी लगाते हैं। 10वीं कक्षा में पढ़ते समय वह अभिषेक उर्फ पिद्दी के संपर्क में आया और उसके साथ काम करने लगा। इसके बाद वह कुख्यात नीरज बवाना गिरोह के बदमाश सुबेग उर्फ शिब्बू के संपर्क में और नाबालिग रहते हुए उसके गिरोह में शामिल हो गया। इससे पहले वह सात वारदात में शामिल रहा है। पुलिस उसे गिरफ्तार कर पूछताछ में जुट गई है।

## नेहा शर्मा ने थाई-हाई स्लिट गाउन में गिराई बिजली



बॉलीवुड एक्ट्रेस नेहा शर्मा किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने अपनी बोलडनेस और हॉटनेस से फैंस को इस कदर दीवाना बनाया है कि लोग उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थकते हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनकी ग्लैमरस अदाएं देखकर फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं।

बॉलीवुड एक्ट्रेस नेहा शर्मा सोशल मीडिया पर हमेशा ही अपनी स्टाइल और ग्लैमर से चर्चा में रहती हैं. हाल ही में, उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वह एक थाई-हाई स्लिट गाउन में नजर आ रही हैं. इस गाउन के साथ नेहा ने लाइट मेकअप और खुले बालों के साथ अपनी सेक्सी अदाओं का जलवा दिखाया, जो उनके फैंस को पूरी तरह से घायल कर गया है.

नेहा का यह लुक बेहद ग्लैमरस और बोल्ड था, जिसमें उनका कॉफी कलर गाउन खास आकर्षण का केंद्र बना. उन्होंने पोज़ देते हुए कैमरे के सामने अपनी सुंदरता का जादू बिखेरा. इस लुक के साथ उनकी अदाएं और आत्मविश्वास ने सोशल मीडिया पर तहलका मचाया, और फैंस ने उन्हें ढेरों लाइक्स और कमेंट्स से प्यार दिया. नेहा शर्मा भले ही इन दिनों किसी फिल्म में दिखाई नहीं दे रही हैं, लेकिन आए दिन अपनी हॉटनेस से इंटरनेट पर कहर बरपाती रहती हैं।

# बच्चे ही नहीं बड़ो की जिंदगी भी तबाह कर सकते हैं मार्केट में मिलने वाले एनर्जी ड्रिंक्स

**आजकल मार्केट में तरह तरह के एनर्जी ड्रिंक्स मिलने लगे हैं। ये एनर्जी ड्रिंक भले ही शरीर को तुरंत एक्टिव मोड में ले आते हों, लेकिन लंबे समय में शरीर को नुकसान पहुंचाते हैं। हाई शुगर और हाई कैफीन वाले ये एनर्जी ड्रिंक पिछले कुछ सालों में डायबिटीज का बड़ा कारण बन चुके हैं। हाल की में कंबोडिया सरकार ने स्कूलों में एनर्जी ड्रिंक्स बेचने पर रोक लगा दी है। जिसकी वजह युवाओं में डायबिटीज, मोटापा और दूसरी बीमारियों के बढ़ना को बताया गया है। आइये जानते हैं कि एनर्जी ड्रिंक्स को क्यों इतना खतरनाक माना जाता है। अगर आप एनर्जी ड्रिंक पीते हैं तो इससे शरीर को क्या नुकसान होता है?**



न्यूट्रीशियन, वेट लॉस कोच और कीटो डाइटिशियन स्वाति सिंह के अनुसार, एनर्जी ड्रिक्स में शुगर की मात्रा काफी ज्यादा होती है और जब आप ये ड्रिक्स पीते हैं तो शरीर इस शुगर को फैट और ट्राइग्लिसराइड्स के रूप में डिपॉजिट कर देता है। जिससे आपको फैटी लिवर की समस्या हो सकती है आपका ट्राइग्लिसराइड्स हाई हो सकता है। इससे आपको कार्डियक अरेस्ट आ सकता है। हाइपरटेंशन की समस्या हो सकती है। एनर्जी ड्रिंक्स में हाई कैफीन और शुगर होने के कारण इससे हार्ट बीट बढ़ सकती है और ब्लड प्रेशर बढ़ सकता है। ये सारी चीजें हार्ट के लिए ठीक नहीं है।

**एनर्जी ड्रिंक के नुकसान**

जब आप ऐसे एनर्जी ड्रिक्स लेते हैं तो इससे शरीर में कैफीन की मात्रा बढ़ती है जो आपको रेस्टलेस बनाता है। इससे एंग्जाइटी लेवल बढ़ जाता है। इससे आपकी नींद भी प्रभावित होती है। कुछ लोगों को नींद नहीं आने, सिर दर्द और माइग्रेन की समस्या होने लगती है। एनर्जी ड्रिंक्स में ग्लोकोज की मात्रा ज्यादा होने के कारण एसिड बढ़ सकता है। अगर आप लंबे समय तक किसी भी एनर्जी ड्रिंक का सेवन करते हैं तो इससे गैस्ट्राइटिस की समस्या हो सकती है। एसिड रिफ्लकशन हो सकता है। नॉजिया हो सकता है। इसलिए एनर्जी ड्रिंक्स का सेवन न करें।

**एनर्जी ड्रिंक का किडनी पर असर**

एनर्जी ड्रिंक्स के अंदर कैफीन का मात्रा ज्यादा होती है। ज्यादा कैफीन आपके शरीर को डिहाइड्रेट कर देता है। लंबे समय में डिहाइड्रेशन की वजह से आपकी किडनी पर असर आना शुरू हो जाता है। वहीं इसमें शुगर की मात्रा भी ज्यादा होती है जो किडनी को स्ट्रेस में डालती है। दोनों ही चीजें किडनी की सेहत के लिए ठीक नहीं हैं।

**बच्चों के लिए क्यों खतरनाक हैं एनर्जी ड्रिंक**

अगर बच्चे या युवा इस तरह के एनर्जी ड्रिक्स लेते हैं तो इससे बच्चों के दिमाग के विकास पर नेगेटिव असर पड़ सकता है। ऐसे बच्चे अपने गुस्से पर कंट्रोल नहीं रख पाते हैं। बच्चों के अंदर व्यवहार से जुड़े बदलाव आने लगते हैं। बच्चों में मेटाबोलिक डिसऑर्डर का खतरा बढ़ सकता है। अगर आप लगातार ऐसे ड्रिंक्स का सेवन करते हैं तो इससे शरीर की नेचुरल एनर्जी कम होने लगती है। आप बिना इन ड्रिक्स के खुद को थका हुआ और मानसिक तनाव में महसूस करते हैं।

**एनर्जी ड्रिक्स पीने से बढ़ता है इन बीमारियों का खतरा**

एनर्जी ड्रिंक्स ज्यादा पीने से मेंटल हेल्थ बुरी तरह से प्रभावित होती है। इससे नींद खराब होती है। डायबिटीज का खतरा बढ़ता है। ऐसे बच्चों में मोटापा बढ़ने लगता है और वो बुरी तरह से बर्बाद हो सकते हैं। एनर्जी ड्रिंक्स में टॉराइन और गुआराना जैसे तत्व पाए जाते हैं जो आपके अंदर मानसिक समस्याएं, टेंशन और घबराहट बढ़ा सकते हैं। टीनएज में बच्चों को इस तरह की ड्रिक्स से दूर रखना चाहिए। ये उनके ओवरऑल डेवलपमेंट के लिए खतरनाक साबित हो सकती हैं।

# रस्सी कूदना घुटनों के लिए होता है हानिकारक? जानें इस एक्सरसाइज को करने का सही तरीका

रस्सी कूदना एक लोकप्रिय एक्सरसाइज है, जिसे लोग सेहतमंद बने रहने के लिए अपनाते हैं। हालांकि, कई बार यह सवाल उठता है कि क्या यह घुटनों के लिए हानिकारक हो सकती है? इस लेख में हम इसी मिथक को समझने की कोशिश करेंगे और जानेंगे कि क्या सच में रस्सी कूदना घुटनों के लिए नुकसानदायक है या नहीं।सही तकनीक और सावधानियों का पालन करके आप इसे सुरक्षित बना सकते हैं।



सही तकनीक अपनाएं

रस्सी कूदते समय सही तकनीक का पालन करना बहुत जरूरी है। गलत तरीके से रस्सी कूदने से घुटनों पर दबाव बढ़ सकता है, जिससे चोट लगने का खतरा होता है।हमेशा ध्यान रखें कि आपके पैर जमीन पर धीरे से पड़ें और अपने घुटनों को थोड़ा मोड़कर रखें। इससे झटके कम होंगे और घुटनों पर दबाव नहीं पड़ेगा।इसके अलावा, अपने शरीर को सीधा रखें और संतुलन बनाए रखें, ताकि यह एक्सरसाइज सुरक्षित और प्रभावी हो सके।

सही जूते पहनें-रस्सी कूदते समय सही जूतों का चयन करना भी जरूरी होता है। अच्छी गुणवत्ता वाले स्पोर्ट्स शूज पहनने से आपके पैरों और घुटनों को पर्याप्त सहारा मिलता है, जिससे चोट लगने की संभावना कम हो जाती है।जूतों का सोल मुलायम होना चाहिए, ताकि जमीन पर पड़ने वाले झटके को कम किया जा सके। इसके अलावा, जूतों का फिट भी सही होना चाहिए, ताकि वे आरामदायक हों और एक्सरसाइज के दौरान पैर सुरक्षित रहें।

वार्म-अप करें

एक्सरसाइज शुरू करने से पहले वार्म-अप करना जरूरी होता है। इससे मांसपेशियों में लचीलापन आता है और चोट लगने की संभावना कम होती है।रस्सी कूदने से पहले कुछ मिनट स्ट्रेचिंग करें, ताकि आपके शरीर की मांसपेशियां तैयार हो जाएं। इसके अलावा, आप हल्की जॉगिंग भी कर सकते हैं, जिससे आपका शरीर पूरी तरह से गर्म हो जाए और घुटनों पर दबाव कम पड़े।इस तरह आप चोट से बच सकते हैं और एक्सरसाइज का लाभ उठा सकते हैं।

धीरे-धीरे तीव्रता बढ़ाएं

अगर आप नए हैं तो शुरुआत में धीरे-धीरे तीव्रता बढ़ाएं। अचानक ज्यादा देर तक रस्सी कूदने से घुटनों पर अधिक दबाव पड़ सकता है, जिससे चोट लग सकती है।पहले कुछ मिनट तक ही रस्सी कूदें और फिर धीरे-धीरे समय और तीव्रता बढ़ाएं। इससे आपके घुटनों को आराम मिलेगा और वे एक्सरसाइज के लिए धीरे-धीरे तैयार हो जाएंगे।इस प्रकार, आप चोट से बच सकते हैं और एक्सरसाइज का पूरा लाभ उठा सकते हैं।

डॉक्टर की सलाह लें

अगर आपको पहले से ही किसी प्रकार की घुटनों की समस्या या दर्द हो तो डॉक्टर की सलाह जरूर लें। वे आपकी स्थिति के अनुसार आपको उचित मार्गदर्शन देंगे कि आपको रस्सी कूदनी चाहिए या नहीं।इस प्रकार, अगर आप सही तकनीक अपनाते हैं, उचित जूते पहनते हैं, वार्म-अप करते हैं और धीरे-धीरे तीव्रता बढ़ाते हैं तो रस्सी कूदना आपके स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद हो सकता है न कि हानिकारक।

## फिर क्वीन बनेंगी कंगना रनौत, इमरजेंसी की रिलीज से पहले लगी सीक्वल पर मुहर



कंगना रनौत की क्वीन आज भी लोगों के जहन में बसी हुई है इसी फिल्म से कंगना को बॉलीवुड की क्वीन का टैग भी मिला. ये फिल्म लोगों को इतनी पसंद आई थी कि सबने इसके सीक्वल की खूब डिमांड की. अब आखिरकार इसके डायरेक्टर विकास बहल ने सीक्वल को कंफर्म कर दिया है. इससे कंगना रनौत के फैंस के बीच खुशी की लहर है.विकास बहल ने चिल्लर पार्टी, क्वीन, सुपर 30, शैतान जैसी यादगार फिल्में बनाई हैं. जहां उनकी फिल्मों ने दर्शकों के दिलों में जगह बना ली है, वहीं रानी के रूप में अपनी यादगार भूमिका को दोहराते हुए कंगना रनौत की क्वीन के सीक्वल की अटकलें चल रही थीं जो अब सच हो गई हैं. हाल ही में एक इंटरव्यू में विकास बहल ने ऑफिशियली पुष्टी की है कि क्वीन 2 पर काम चल रहा है. उन्होंने कहा, हम पिछले कुछ समय से क्वीन 2 पर काम कर रहे हैं और आखिरकार हमारे पास कुछ बताने को है. हालांकि उन्होंने सीक्वल के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी. लेकिन इस कंफर्मेशन से कंगना के फैंस के बीच खुशी की लहर दौड़ गई है.पिछले साल, विकास ने हिंट दिया था कि सीक्वल पर काम चल रहा है और कंगना रनौत अपनी भूमिका को फिर से निभाएंगी. जिस पर रिएक्शन देते हुए कंगना ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा था, हां. अब 2024 में क्वीन के 10 साल पूरे होने पर विकास ने इसके सीक्वल के बारे में पुष्टी की है. उन्होंने इंटरव्यू में कहा, क्वीन की रिलीज को दस साल होने जा रहे हैं, लेकिन जितने लोग मुझसे क्वीन 2 के बारे में पूछते रहते हैं, उससे मुझे ऐसा लगता है जैसे फिल्म कल ही रिलीज हुई हो. उन्होंने कहा, मुझे यह कहते हुए खुशी हो रही है कि हमने वास्तव में अपनी कहानी लिखना समाप्त कर दिया है.



## मिस यूनिवर्स हरनाज संधू की बॉलीवुड में एंट्री, बागी 4 में बनीं टाइगर श्रॉफ की हीरोइन

जल्द ही कई फिल्में दर्शकों के बीच आएंगी। इन्हीं में से एक है बागी 4, जिसकी राह दर्शक पिछले काफी समय से देख रहे हैं।पिछले दिनों इससे टाइगर श्रॉफ का धांसू अवतार सामने आया था। बागी 4 से अब तक श्रद्धा कपूा समेत कई अभिनेत्रियों का नाम जुड़ चुका है, लेकिन बाजी मारी है मिस यूनिवर्स 2021 का खिताब जीत चुकीं हरनाज संधू ने।इसी के साथ बागी 4 के लिए लीड हीरोइन की तलाश पूरी हो चुकी है। निर्माता-निर्देशक साजिद नाडियाडवाला टाइगर श्रॉफ, कृति सैनन और अहान शेट्टी के बाद अब हरनाज को बॉलीवुडमें लॉन्च करने के लिए तैयार हैं।उन्होंने सोशल मीडिया पर यह बड़ा ऐलान कर दिया है कि फिल्म बागी 4 की लीड हीरोइन के लिए हरनाज के नाम पर मोहर लग चुकी है।खास बात यह है कि मिस यूनिवर्स 2021 का खिताब भी हरनाज ने 12 दिसंबर को ही जीता था और उनकी पहली फिल्म की घोषणा भी इसी दिन हुई है। बागी 4 के निर्देशन की कमान ए हर्ष ने संभाली है, जिन्होंने भजरंगी और वेधा जैसी कन्नड़ फिल्मों का निर्देशन किया है। इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है।फिल्म से टाइगर के कई पोस्टर सामने आ चुके हैं। बागी 4 को 5 सितंबर, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा।बता दें बागी 2016 में रिलीज हुई थी, वहीं इसका सीक्वल 2018 में और तीसरा भाग 2020 में आया था। तीनों ने ही बढ़िया कमाई की थी। बता दें कि हरनाज को एक्टिंग का बहुत शौक है। वह 2 पंजाबी फिल्मों में अभिनय कर चुकी हैं।बॉलीवुड में काम करने पर उन्होंने कहा था कि वह शाहरुख खान के साथ अपना सफर शुरू करना चाहती हैं, क्योंकि वह शुरू से ही उनके पसंदीदा अभिनेता रहे हैं।हरनाज ने यह भी कहा था कि मौका मिला तो वह निर्देशक संजय लीला भंसाली के साथ जरूर काम करेंगी, वहीं वह बॉलीवुड में प्रियंका चोपड़ा को अपना आदर्श मानती हैं।

## सलमान खान के साथ काम कर सातवें आसमान पर रश्मिका मंदाना, बोलीं- सपना सच हो गया

पिछले कुछ समय से अभिनेता सलमान खान अपनी आगामी फिल्म सिकंदर को लेकर चर्चा में बने हुए हैं।इस फिल्म में सलमान की जोड़ी साउथ की जानी-मानी अभिनेत्री रश्मिका मंदाना के साथ बनी है और यह पहला मौका होगा, जब ये दोनों कलाकार पर्दे पर साथ दिखाई देंगे। दोनों सितारे फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं।अब रश्मिका ने सलमान की तारीफ में कसीदे पढ़े हैं। उन्होंने अभिनेता के साथ काम करने के अपने अनुभव को साझा किया। रश्मिका ने कहा, यह बिल्कुल एक सपने के सच होने जैसा है। वह बहुत खास व्यक्ति हैं और बेहद विनम्र और जमीन से जुड़े हुए हैं।उन्होंने आगे कहा, जब हम सिकंदर की शूटिंग कर रहे थे, तब एक दिन सेट पर मेरी तबीयत ठीक नहीं थी। जैसे ही उन्हें मेरी तबीयत के बारे में पता चला तो उन्होंने मेरा खूब ध्यान रखा। उन्होंने क्रू से भी मेरा खास ध्यान रखने को कहा। रश्मिका ने सलमान की तारीफ करते हुए आगे कहा, वह आपको खास महसूस कराते हैं।

## शब्द सामर्थ्य -265

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. बात, घटना, माजरा, मुकदमा (उर्दू) 3. अलावा, अतिरिक्त 6. प्रेम, इच्छा 7. मां का बच्चे के प्रति प्रेम 8. गलती, जुर्म, गुनाह, दोष 10. मग्न, लीन, खुश, प्रसन्न 12. धनुष, समादेश, फौजी टुकड़ी 13. एक कल्पित पत्थर जो लोहे को छूकर सोना बना देता है 16. हिम्मत, साहस, सामर्थ्य 17. बनावटी, अनुकृति, असली का विलोम 18. अबोध, नासमझ 20. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध हरिभक्त देवर्षि 22. गहरा नीला, काला 23. व्याकुल, बेसब्र 24. मन, चित्त, आदरसूचक तथा सहमति सूचक एक शब्द।

**ऊपर से नीचे**

1. स्वामी, नाथ 2. बेबस, मजबूर, विवश 3. अन्याय, अत्याचार, जुल्म 4. मध्य एशिया का एक देश 5. पुस्तक 9. बहादुर, वीर 11. सैनिक विद्रोह 12. नीच, अधम 12 ए. प्रणाम, झुकना 13. भरण-पोषण करना, परवरिश करना, छोटा झूला, हिंडोला 14. प्रमाण, प्रमाणिक कथन 15. स्वाभाविक ढंक, योग्यता, लियाकत, सभ्यता और शिष्टता, शऊर (उ.) 19. बिजली, तड़ित 21. रात में दिखाई न पड़ने का नेत्र संबंधी रोग।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| 8 | 9 | | ■ | 10 | 11 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 12 | | 12ए | ■ | 13 | | 14 | ■ | 15 |
| | ■ | 16 | | | ■ | 17 | | |
| 18 | 19 | | ■ | 20 | 21 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 22 | | | ■ | 23 | | | ■ | 24 |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 264 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | सं | द | ■ | सिं | हा | स | न | ■ |
| ख | ■ | म | ज | दू | र | ■ | का | म |
| बा | द | क | ■ | र | ■ | सं | ब | ल |
| ड़ | ■ | ल | ज्जा | ■ | म | स्का | ■ | य |
| ■ | बा | ■ | ■ | बि | हा | र | ■ | ■ |
| सु | धा | क | र | ■ | न | ■ | ■ | औ |
| रं | ■ | म | ■ | कि | ता | ब | ■ | स |
| ग | ■ | अ | र | सा | ■ | हु | ज्ज | त |
| ■ | श | क्त | ■ | न | मि | त | ■ | न |

# कटगोड़ी में स्वच्छता पखवाड़ा श्रमदान से स्वच्छता का संदेश





**कोरिया।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत ''सुशासन के एक वर्षष् के उपलक्ष्य में ग्राम पंचायत कटगोड़ी में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना और जनभागीदारी से इसे साकार करना था। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में स्वच्छता दीदियों से संवाद भी किया गया। उन्हें स्वच्छता के लिए आवश्यक सुझाव और निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा,''स्वच्छता हमारी जिम्मेदारी है और इसे मिलकर ही संभव बनाया जा सकता है। कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी के नेतृत्व में अधिकारियों, कर्मचारियों और ग्रामीणों ने श्रमदान कर हाट बाजार क्षेत्र की सफाई की। इस दौरान सभी ने स्वच्छता को अपने जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। डॉ. चतुर्वेदी ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा, गांव की स्वच्छता से न केवल स्वास्थ्य में सुधार होगा, बल्कि यह हमारे समाज की छवि को भी बेहतर बनाएगा। सभी मिलकर इस अभियान को सफल बनाएं। हाट बाजार क्षेत्र में श्रमदान और सफाई अभियान, स्वच्छता दीदियों और ग्रामीणों का सक्रिय योगदान, स्वच्छता के महत्व पर जागरूकता संदेश, सभी हितधारकों की सामूहिक भागीदारी रही। कार्यक्रम ने ग्रामीणों के बीच स्वच्छता को लेकर जागरूकता बढ़ाई और सामुदायिक भागीदारी का आदर्श प्रस्तुत किया। ग्रामीणों ने स्वच्छता अभियान को नियमित बनाए रखने का संकल्प लिया। इस श्रमदान कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है। जनभागीदारी से कोरिया जिले में स्वच्छता को एक नई दिशा दी जा रही है।



## महाकुंभ में जुटेंगे श्रद्धालु

**कोरिया।** विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय राजनेता, प्रधानमंत्री के कर-कमलों से संगम क्षेत्र, महाकुम्भनगर, प्रयागराज में अक्षय वट कॉरिडोर, हनुमान मंदिर कॉरिडोर, सरस्वती कूप कॉरिडोर, भारद्वाज आश्रम कॉरिडोर व शृंगवेरपुर कॉरिडोर सहित 5,500 करोड़ की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रभु श्री राम और निषादराज की 56 फुट ऊंची प्रतिमा के अनावरण के साथ ही महाकुम्भ को श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों हेतु सुगम बनाने के लिए चैटबॉट का शुभारंभ भी किया गया। संपूर्ण सनातन धर्मावलंबियों, देश और दुनिया के अंदर भारत के प्रति अनुराग रखने वाले सभी श्रद्धालुओं को ये उपहार प्रदान करने हेतु आपका हार्दिक आभार प्रधानमंत्री !

## 19 को वार्डों का होगा आरक्षण

**सूरजपुर।** सूरजपुर के नगरीय निकायों क्रमशः नगर पालिका परिषद् सूरजपुर, नगर पंचायत जरही, नगर पंचायत भटगांव, नगर पंचायत विश्रामपुर, नगर पंचायत प्रतापपुर के वाडों का आरक्षण छत्तीसगढ़ नगरपालिका अधिनियम (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग, एवं महिलाओं के लिए वार्डों का आरक्षण) 1994 के प्रावधानों के तहत् 19 दिसंबर को जिला कार्यालय सभाकक्ष में सम्पन्न कराया जाना है। जिसका समय नगर पालिका परिषद सूरजपुर का 12:30 से 1:30 बजे तक, नगर पंचायत जरही का 1:30 से 2:30 बजे तक, नगर पंचायत भटगांव का 2:30 से 3:30 बजे तक, नगर पंचायत बिश्रामपुर का 3:30 से 4:30 बजे तक, नगर पंचायत प्रतापपुर का 4:30 से 5:30 बजे तक जिले के सभी राजनीतिक दल के पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों से अपील है उक्त तिथि को निर्धारित समय में उपस्थिति सुनिश्चित करें।

## जिला पंचायत सभा कक्ष में होगा आरक्षण का निर्धारण

**सूरजपुर।** जिला पंचायत एवं जनपद पंचायतों के निर्वाचन क्षेत्रों का प्रवर्गवार आरक्षण तथा लाट निकालकर महिला आरक्षण की कार्यवाही 17 दिसंबर को जिला पंचायत सभा कक्ष सूरजपुर में, 11 बजे से तथा सरपंच एवं ग्राम पंचायतों के वार्डों का प्रवर्ग वार आरक्षण की कार्यवाही 18 व 19 दिसंबर को, संबंधित जनपद पंचायत के सभा कक्ष में 11 बजे से आयोजित होना है।

## झुमका पर्यटन स्थल में वृद्धजनों और विद्यालय के बच्चों के लिए योग, खेल और पिकनिक कार्यक्रम का आयोजन



**कोरिया।** कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी के निर्देशन और मुख्य कार्यपालन अधिकारी के मार्गदर्शन में सरकार के गठन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में झुमका पर्यटन स्थल में वृद्धाश्रम के वृद्ध जनों और मानसिक मंद बच्चों के लिए विशेष विद्यालय के बच्चों के लिए एक विशेष योग, खेल और पिकनिक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में वृद्धाश्रम के 14 वृद्धजन और विशेष विद्यालय के 17 बच्चे उपस्थित रहे। आयोजन का उद्देश्य इन बच्चों और वृद्ध जनों को शारीरिक और मानसिक रूप से सक्रिय करना था। झुमका पर्यटन स्थल पर आयोजित इस कार्यक्रम में योगाभ्यास, खेलकूद गतिविधियां और मनोरंजन कार्यक्रम हुए। साथ ही, वृद्ध जनों और बच्चों के लिए स्वादिष्ट और रुचिकर भोजन की व्यवस्था की गई। समाज कल्याण विभाग, जनपद पंचायत एवं आयुष विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनका सहयोग इस आयोजन को और भी सफल बनाने में सहायक रहा। यह कार्यक्रम न केवल वृद्धाश्रम के वृद्ध जनों और विशेष विद्यालय के बच्चों के लिए सुखद अनुभव था, बल्कि समाज में जागरूकता और संवेदनशीलता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

## ग्राम पंचायत कल्याणपुर में जिला स्तरीय पशु मेला हुआ संपन्न

**सूरजपुर।** कलेक्टर एस जयवर्धन के दिशा निर्देश में एवं जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू के मार्गदर्शन पर उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं जिला सूरजपुर छत्तीसगढ़ डॉक्टर आर.एस. बघेल के नेतृत्व में सूरजपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत कल्याणपुर में जिला स्तरीय पशु मेला संपन्न हुआ। मेला 12 दिसम्बर को पशु प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में पशुपालकों द्वारा रुचि ली गई और विभिन्न श्रेणी के पशुधन गाय, बैल, सांड, भैंस, भैसा, बछड़ा /बछिया, बकरा, बकरी, भेड़, सूकर, मुर्गी, बतख एवं खरगोश आदि ने भाग लिया। मेला में विभिन्न श्रेणियों के उन्नत पशुधन जैसे दुधारू गाय/भैंस, बछड़ा /बछिया, बैल/भैसा, सांड, बकरा/बकरी, सुकर, मुर्गी/बतख आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें श्रेणीवार को प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार पशुपालकों को प्रदाय किया गया। मेला में पशुपालकों को चारा प्रसंस्करण जैसे पैरा का यूरीया उपचार, साइलेज निर्माण एवम अजोला उत्पादन का स्टॉल के माध्यम से बताया गया।

## 500 नए आवासों की ठोस बुनियाद कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी की ऐतिहासिक पहल





**कोरिया।** कोरिया कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी ने सुशासन की पहली वर्षगांठ के अवसर पर एक ऐतिहासिक पहल करते हुए 500 नए प्रधानमंत्री आवासों की ठोस बुनियाद रखी।

इस कार्यक्रम के तहत जिले भर में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत आवासों की नींव रखी गई, जिससे 500 ग्रामीण परिवारों का सपना पूरा होने की शुरुआत हुई। कलेक्टर ने कहा यह 500 आवासों की नींव ही नहीं बल्कि भविष्य की ठोस बुनियाद भी है, जो आने वाली पीढ़ी को सुख की छांव और विकास की मजबूत आधार प्रदान करेगी। आज जिले के दोनों जनपद पंचायतों सोनहत व बैकुण्ठपुर में बुनियाद परब का आयोजन किया गया। जिला पंचायत सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने इस अवसर पर खुद राजमिस्त्री बनकर ईंटों की जोड़ाई की और आवास निर्माण कार्य की शुरुआत की। उन्होंने सबसे पहले ग्राम पंचायत आनी में राजेन्द्र प्रसाद के आवास की जोड़ाई की और फिर कटगोड़ी में भी निर्माण कार्य में भाग लिया। इस कार्यक्रम में 500 आवासों का निर्माण कार्य शुरू हुआ और जियो टैगिंग के माध्यम से सभी निर्माण कार्यों की निगरानी भी की गई। डॉ. चतुर्वेदी ने ग्रामीणों को प्रोत्साहित करते हुए कहा,''अब आपके पास खुद का पक्का मकान होगा, इसे जल्द पूरा करें, और ग्राम पंचायत प्रशासन हर कदम पर आपके साथ है। प्रधानमंत्री आवास योजना की गति इस पहल से प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यों में तेजी आई है और पूरे जिले में सकारात्मक वातावरण बन रहा है। ग्रामीणों में इस पहल के प्रति उत्साह देखा जा रहा है और यह दिन उनके लिए हमेशा यादगार रहेगा।

## भाजपा सरकार के एक साल: छत्तीसगढ़ बदहाली की ओर बढ़ा



### जनहित के मुद्दों पर विफल कानून-व्यवस्था पर सवाल

**बैकुंठपुर कोरिया।** छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार के एक वर्ष का कार्यकाल 13 दिसंबर 2024 को पूरा हो गया। इस दौरान प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति गंभीर रूप से बिगड़ गई। जनहित के मुद्दों पर सरकार की निष्क्रियता ने आमजनता को गहरे संकट में डाल दिया। कांग्रेस ने जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में मौन प्रदर्शन करते हुए पोस्टरों के माध्यम से सरकार की असफलताओं को उजागर किया। कांग्रेस का आरोप है कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में अपराधों में वृद्धि हुई, बेरोजगारी चरम पर है, और महंगाई ने आमजन के जीवन को असहनीय बना दिया है। स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति चिंताजनक है, जबकि किसान अपनी फसल के वाजिब दाम न मिलने से परेशान हैं। कांग्रेस पार्टी का कहना है कि सरकार ने एक साल में केवल वादे किए, लेकिन उन पर अमल नहीं किया। इस प्रदर्शन के जरिए कांग्रेस ने प्रदेशवासियों को भाजपा की नीतियों से हुए नुकसान को समझाने का प्रयास किया। जनभावना के अनुसार, राज्य में सुधार की सख्त जरूरत है। इस अवसर पर, जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, पीसीसी सदस्य योगेश शुक्ला, महामंत्री बृजवासी तिवारी, ध्रुपद चौहान, ब्लॉक अध्यक्ष अजय सिंह, चंद्रप्रकाश राजवाड़े, बिहारी राजवाड़े, अनिल जायसवाल, विकास श्रीवास्तव, आशीष यादव, धीरज सिंह, यूसुफ इराकी, हीरालाल साहू, आशीष डबरे, संतोष गोयन, रामसाय सोरी, विजय चक्रधारी, लालदास महंत, दुर्गा प्रसाद, राहुल सोनमन एवं अन्य कांग्रेसजन मौजूद रहे।

## कोरिया में सुशासन के दीपोत्सव से जिले में विकास की रौशनी



**कोरिया।** जिला प्रशासन ने सरकार के एक साल पूरे होने के अवसर पर आज एक नवाचार की शुरुआत की, जिससे जिले में विकास की नई रौशनी फैलने की उम्मीद जगी है। कलेक्टर परिसर में आयोजित दीपोत्सव में 1300 दीप जलाकर सुशासन और सरकार की योजनाओं का प्रमाण प्रस्तुत किया गया।

इस अवसर पर जिला कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने कहा, ष्हमारा उद्देश्य शासन की हर योजना और कार्यक्रम को समाज के आखिरी व्यक्ति तक पहुंचाना है। केवल तब ही हम विकास की सही दिशा में आगे बढ़ सकते हैं, जब सभी की भागीदारी सुनिश्चित होगी। इस दीपोत्सव को कोरिया जिले के हर घर और समाज की समृद्धि के प्रतीक के रूप में मनाया गया। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने यह भी कहा कि यह कार्यक्रम निश्चित ही जिले की प्रगति की रौशनी को पूरे कोरियावासियों में फैलाने का माध्यम बनेगा। यह दीपोत्सव जिले के विकास के प्रति प्रशासन की मजबूत इच्छाशक्ति और समर्पण का प्रतीक है, जो लोगों को सुशासन और सामाजिक समृद्धि की दिशा में प्रेरित करेगा। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर अरुण मरकाम, श्रीमती अंकिता सोम सहित बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारियों ने दीप जलाकर सहभागिता निभाई।

## राइस मिलर्स की ली गई बैठक

**सूरजपुर।** जिला संयुक्त कार्यालय के सभा कक्ष में कलेक्टर एस.जयवर्धन की अध्यक्षता में जिले के राईस मिलर्स के साथ बैठक का आयोजन किया गया था। बैठक में कलेक्टर द्वारा सकारात्मक पहल करते हुये मिलर्स के साथ खुला संवाद किया गया और बेहतर समन्वय स्थापित करने के लिए उनके साथ विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। बारदाने की उपलब्धता बनाए रखने के लिए उपस्थित मिलर्स ने अपनी सहमति दर्शायी। इसके साथ ही चावल के उपार्जन हेतु गोदाम की उपलब्धता पर चर्चा की गई ताकि एफसीआई का चावल जमा किया जा सके।

## बालिकाओं का खाता खोले जाने के लिए चलाया जा रहा है विशेष अभियान

**सूरजपुर।** महतारी वंदन योजना की राशि से सुकन्या समृद्धि योजना के खाते खोले जाने के निर्देश प्राप्त हुए हैं उक्त अनुक्रम में जिले अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा डाक विभाग से समन्वय कर 10 दिसम्बर से 21 दिसम्बर तक 10 वर्ष तक बालिकाओं का सुकन्या समृद्धि योजना अंतर्गत खाता खोले जाने का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उक्त अभियान में महतारीयों के द्वारा बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया जा रहा है और उनके द्वारा अपनी बच्चियों के भविष्य को सृदुढ़ करने के उद्देश्य से खाता खोला जा रहा है। जिले में वित्तीय वर्ष 2024-25 में नवम्बर तक लगभग 2000 बालिकाओं का खाता खोला जा चुका है।

## छत्तीसगढ़ सरकार की उपलब्धियों पर जनसम्पर्क विभाग की फोटो प्रदर्शनी बनी प्रेरणा का केंद्र



**कोरिया बैकुंठपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार के एक साल पूरे होने के अवसर पर जिला जनसंपर्क कार्यालय ने कलेक्ट्रेट परिसर में एक आकर्षक फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया। इस दो दिवसीय प्रदर्शनी का उद्घाटन कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी ने आज किया। जहां बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों, ग्रामीणों, अधिकारियों, कर्मचारियों और पत्रकारों ने भाग लिया। प्रदर्शनी में सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को शानदार तस्वीरों और लाभार्थियों की सफलता कहानियों के जरिए प्रदर्शित किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना, महतारी वंदन योजना, धान खरीदी, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना जैसे कार्यक्रमों से लाभान्वित लोगों की तस्वीरें और उनकी कहानियां आम लोगों के लिए प्रेरणादायक रहीं। एक स्कूली छात्र ने कहा, ''प्रदर्शनी में कलेक्टर को राजमिस्त्री के रूप में कार्य करते हुए देखना प्रेरणा देता है कि प्रशासनिक अधिकारी भी समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाते हैं।'' स्थानीय पत्रकारों ने भी प्रदर्शनी की सराहना की। एक वरिष्ठ पत्रकार ने कहा, ''यह प्रदर्शनी सरकार की योजनाओं और उनके प्रभाव को दिखाने का प्रभावी माध्यम है।'' प्रदर्शनी में अखबारों में छपे कतरन, योजनाओं की तस्वीरें और लाभार्थियों की जुबानी कहानियां लोगों को सरकार के प्रयासों से जोड़ने का एक अनोखा प्रयास था। महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को मिली मदद, प्रधानमंत्री आवास के तहत मिली पक्का आवास, जल जीवन मिशन के तहत नल से साफ पेयजल और मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना के तहत लाभान्वित लोगों की तस्वीरें देख लोग मुस्कुराए और योजनाओं की सफलता को सराहा। ग्रामीणों और व्यापारियों ने भी प्रदर्शनी को प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि इससे पता चलता है कि जिला प्रशासन किस तरह समाज में बदलाव लाने के लिए काम कर रहा है।इस फोटो प्रदर्शनी ने छत्तीसगढ़ सरकार की योजनाओं, जिला प्रशासन का क्रियान्वयन और सुशासन को जनता के बीच और अधिक भरोसेमंद बनाने का काम किया है। आने वाले समय में ऐसे प्रयासों से सरकार, शासन और जनता के बीच संबंध और मजबूत होंगे।

### नेशनल हाईवे के लिए जमीन अधिग्रहण को लेकर टकराव जारी, जुराली में सरकारी दल पहुंचा

# ग्रामीण बोले- पहले मुआवजा दो फिर बनाओ सड़क

## तीन महीने में सभी समस्याएं होंगी दूर, एसडीएम ने दिया भरोसा



**कोरबा।** अंबिकापुर-बिलासपुर नेशनल हाईवे 130बी के अंतर्गत कटघोरा क्षेत्र के जुराली में भी जमीन अर्जित की जानी है। काफी समय से इस चक्कर में सड़क निर्माण का काम अटका हुआ है। पिछले दिनों प्रशासन ने जुराली में जमीन का सर्वे किया, जिसके लिए प्रक्रियाएं काफी समय से चल रही थी। आज यहां दल-बल के साथ टीम पहुंची। लोगों ने भी तेवर दिखाए। उनकी मांग है कि प्रति वर्गफीट के हिसाब से सरकार उन्हें अर्जित जमीन का मुआवजा दे। जबकि प्रशासन गाइड लाइन की बात कर रहा है। इसे लेकर यहां टकराव की स्थिति बनी रही।

खबर के मुताबिक जुराली में लगभग 130 लोगों की जमीन नेशनल हाईवे के दायरे में है, जिसे अर्जित किया जाना है। संबंधित लोगों में किसान और जन सामान्य शामिल हैं। किसी की कृषि भूमि है तो किसी की गैर कृषि। विभिन्न परियोजनाओं के मामले में भूअर्जन को लेकर जो नीति बनी हुई है, जुराली के लोग भी उसी हिसाब से प्रक्रियाओं को बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। इसी फेर में विवाद कायम है। एनएच के लिए जमीन अर्जित करने का दबाव राज्य सरकार पर बना हुआ है। इसी कड़ी में कटघोरा एसडीएम रोहित सिंह, पोड़ी उपरोड़ा तहसीलदार और पुलिस बल यहां पहुंचा। अधिकारी अपने साथ जेसीबी व अन्य मशीनरी लेकर आए थे। प्रशासन की मंशा है कि संबंधित क्षेत्र को अपने कब्जे में लेने का काम किया जाए। खबर होने पर क्षेत्र के नागरिक यहां तामझाम के साथ पहुंच गए। इसके साथ ही हो हल्ला शुरू हो गया। लोगों ने अपने तेवर दिखाए और कहा कि हर हाल में बढ़ा हुआ मुआवजा मिलेगा तभी सड़क निर्माण करने दिया जाएगा।

### 6 साल से लगा रहे चक्कर अब और मंजूर नहीं

जुराली के प्रभावितों का कहना था कि वे 6 साल से जमीन के मसले को लेकर परेशान हैं। उनकी अपनी मांगें है और अपने तर्क हैं, लेकिन सिस्टम में बैठे अधिकारी इसे सुनने को तैयार नहीं हैं। उनका साफ तौर पर कहना है कि एक बार जमीन हाथ से जाने के बाद कोई विकल्प मौजूद नहीं रहेंगे। उनकी मांग है कि मार्केट रेट के हिसाब से उन्हें अपनी जमीन की कीमत चाहिए। इसके बाद ही किसी प्रकार का विचार हो सकेगा। अधिकारियों के साथ उनकी जमकर नोंकझोंक हुई। उन्होंने कहा कि कई प्रकरणों में समस्याएं बरकरार है। इसलिए पूरा मुआवजा मिले बिना वे काम शुरू नहीं होने देंगें।

### विरोध के साथ लोगों को ले लेना चाहिए मुआवजा

जमकर बहसबाजी के बीच एसडीएम रोहित सिंह ने लोगों को समझाने का भरपूर प्रयास किया। उन्होंने एक विषय को लेकर कहा कि वे इस मामले में आखिर कुछ भी लिखकर नहीं दे सकते लेकिन लोगों को इतना जरूर कह सकते हैं कि जिन लोगों के नाम सर्वे से छूट गए हैं उसकी प्रक्रिया आज से ही शुरू कराई जाएगी। तीन महीने के भीतर इस काम को कराते हुए लोगों को मुआवजा दे दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पहले मुआवजा और उसके बाद निर्माण, यह सब कैसे मानी जा सकती है। एसडीएम ने कहा कि जो मुआवजा दिया जा रहा है लोग उसे विरोध के साथ ले लें फिर आपत्ति दर्ज कराएं।

### लंबा चलेगा विरोध इसलिए मौके पर बनाया भोजन

जुराली के लोगों को लगता है कि भू अर्जन का मामला और मुआवजा को लेकर चल रही तकरार बहुत जल्द नहीं निपटने वाली है। इसलिए उन्होंने भविष्य को ध्यान में रखते हुए संबंधित क्षेत्र में ही कई प्रकार की योजनाओं पर काम शुरू किया है। सरकारी टीम के यहां पहुंचने पर लोग जरूरी संसाधनों के साथ पहुंचे। कुछ लोग अपने खेतों में आराम फरमाते नजर आए तो कई लोगों ने भोजन बनाने की व्यवस्था की। पूछताछ करने पर कहा गया कि आंदोलन की समयसीमा तय नहीं है। हो सकता है कि उन्हें काफी समय तक संघर्ष करना पड़ सकता है इसलिए यह सब किया जाना जरूरी है। लोगों ने कहा कि वे लड़ाई जारी रखेंगे।

## वनरक्षक भर्ती में दौड़ लगाते युवक की मौत



**कोरबा।** स्थानीय इंदिरा स्टेडियम में वनरक्षक भर्ती में शामिल होने गए एक युवक की आज सुबह मौत हो गई। 200 मीटर की दौड़ को पूरा करने के बाद अचानक युवक बेहोश होकर गिरा। आनन-फानन में उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

वन विभाग द्वारा बिलासपुर सर्कल के अंतर्गत आने वाले तीन वन मंडलों के 120 वनरक्षकों की भर्ती की प्रक्रिया इंदिरा स्टेडियम में जारी है। शनिवार की सुबह भर्ती प्रक्रिया के दौरान एक अभ्यर्थी की 200 मीटर की दौड़ पूरी करने के बाद अचानक तबीयत बिगड़ गई। इस दौरान कुछ देर बाद ही वह नीचे गिर गया और वहां मौजूद मेडिकल की टीम द्वारा फर्स्ट एड देने के बाद उसे मेडिकल अस्पताल भेजा गया। जहां पहुंचने के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया है। वन विभाग ने इस घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दे दी है, जहां उनके आने के बाद वैधानिक कार्रवाई की प्रक्रिया संपन्न होगी।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक इंदिरा स्टेडियम में 4 दिसंबर से वनरक्षक की भर्ती की प्रक्रिया चल रही है। जहां इस कड़ी में शनिवार की सुबह 6 से 8 बजे की पाली में वन विभाग द्वारा भर्ती के लिए अभ्यर्थियों को बुलाया गया था। जिसमें पड़ोसी जिला जांजगीर चांपा के बलौदा थाना के ग्राम बना निवासी सुख सिंह 26 वर्ष भी पहुंचा था। जहां उसके द्वारा 200 मीटर की दौड़ लगाई गई थी। दौड़ लगाने के बाद अचानक उसकी तबियत बिगड़ गई और वह नीचे बैठ गया। जैसे ही मेडिकल टीम को इसकी सूचना मिली मेडिकल की टीम मौके पर पहुंची और उसे प्राथमिक उपचार दिया गया। फिर उसे मौजूद चिकित्सकों की टीम ने मेडिकल अस्पताल भेज दिया। वन विभाग की टीम द्वारा तत्काल सुख सिंह को उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल लेकर पहुंची जहां चिकित्सकों ने सुख सिंह को मृत घोषित कर दिया। सुख सिंह की मौत कैसे और किन परिस्थिति में हुई है यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। वन विभाग ने मृतक के परिजनों को इसकी सूचना दे दी है। आगे चिकित्सकों के टीम द्वारा पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जाएगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के वास्तविक के कारण का खुलासा हो पाएगा। अब तक भर्ती प्रक्रिया में 7000 से अधिक अभ्यर्थियों ने भर्ती परीक्षा में शामिल हो चुके हैं, भर्ती प्रक्रिया मौज 2 दिन ही और शेष बची हुई है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में निपटाए गए सामान्य श्रेणी के लंबित मामले

**कोरबा।** काफी समय से लंबित चल रहे सामान्य श्रेणी के प्रकरणों का निपटारा करने के लिए आज नेशनल लोक अदालत आयोजित हुई। जिला और तहसील स्तर पर इस प्रकार की कोशिश की गई। बड़ी संख्या में मामलों का निराकरण यहां पर हुआ।

कोरबा के जिला न्यायालय परिसर के साथ-साथ कटघोरा, करतला , पौड़ी उपरोड़ा तहसील में लोक अदालत लगाई गई। इसमें ऐसे मामलों को रखा गया जिनमें समझौते की उम्मीद है और जो इसी श्रेणी के हैं। कुछ समय से पुलिस ऐसे प्रकरणों की समीक्षा कर रही थी और उन्हें लोक अदालत में रखा गया। बिजली कंपनी, बीमा, बैंक, स्वास्थ्य के अलावा अन्य क्षेत्रों से जुड़े हुए मामलों का वर्गीकरण लोक अदालत के लिए किया गया। अदालत में कई पीठ बनाई गई और वहां पर आवश्यक प्रक्रिया का संपादन करने के साथ इन मामलों को निराकृत किया गया। सुबह 10ः00 बजे से प्रारंभ किया गया। लोक अदालत में कुल कितनी संख्या में प्रकरणों का निपटारा किया गया, इसकी अधिकृत जानकारी शाम 6ः00 बजे के बाद प्राप्त हो सकेगी। दावा किया जा रहा है कि काफी सहूलियत के साथ इस आयोजन में पार्टियों को लाया जाता है ताकि उनकी समस्याएं कम है और वह राहत महसूस कर सकें। बताया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत से निराश्रित होने वाले किसी भी मामले को कभी भी, किसी भी अन्य अदालत में चुनौती नहीं दी जा सकती।

### फ्लाई ओवर प्रभावित को दी जाए क्षतिपूर्ति

**कोरबा।** स्थानीय सांसद और रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति की सदस्य ज्योत्सना महंत ने साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के सीएमडी को पत्र लिखकर मांग की है कि कोरबा जिले के दीपका क्षेत्र में प्रस्तावित दो फ्लाई ओवर से प्रभावित हो रहे 6 लोगों को पर्याप्त क्षतिपूर्ति दिया जाए। सांसद ने बताया कि उनके संज्ञान में यह मामला लिखित रूप से आया है और संबंधित लोगों ने जानकारी दी है कि उन्हें किसी प्रकार से सहायता देने का विचार नहीं किया गया है जबकि वह इस क्षेत्र में पिछले 25 साल से रह रहे हैं। सांसद ने कहा है कि संबंधित लोगों को क्षतिपूर्ति का भुगतान एसईसीएल और फ्लाई ओवर का निर्माण करने वाली कंपनी राइट्स के माध्यम से किया जाना चाहिए।

## 29 हाथियों का एक और दल पहुंचा कुदमुरा, ग्रामीणों में दहशत

**कोरबा।** वनमंडल कोरबा में हाथी समस्या समाप्त होने का नाम ही नहीं ले रहा है बल्कि और भी बढ़ता जा रहा है। बीती रात 29 हाथियों का दल धरमजयगढ़ डिवीजन से कुदमुरा पहुंच गया है जिससे कोरबा वनमंडल में हाथियों की संख्या 80 के लगभग हो गई है।

50 हाथियों का झुंड पहले ही करतला रेंज में मौजूद है। हाथियों का यह दल बोतली व पीडिया क्षेत्र में मौजूद था जिसे ग्रामीणों द्वारा भगाए जाने पर अब बड़मार जंगल पहुंच गया है। दल को आज सुबह यहां के कक्ष क्रमांक 1015 में विचरण करते हुए देखा गया और इसकी सूचना वन विभाग को दी गई जिस पर वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचकर हाथियों की निगरानी में जुट गया है। चूंकि बड़मार जंगल ब्लॉक मुख्यालय करतला के काफी



नजदीक है अतः यहां बड़ी संख्या में हाथियों के पहुंचने से बढ़ते खतरे को देखते हुए वन विभाग सतर्कता बरत रहा है। बड़मार व आसपास के गांवों में मुनादी कराई जा रही है और ग्रामीणों को जंगल न जाने की सलाह दी जा रही है। जहां हाथियों का दल बड़मार पहुंच गया वहीं घायल हाथी कोटमेर जंगल के कक्ष क्रमांक 1449 में विचरण कर रहा है। हाथी के चोटिल होने के कारण वह ज्यादा नहीं चल पा रहा है और लंगड़ा रहा है। वन विभाग के सूत्रों के मुताबिक यह हाथी दो-ढाई सौ मीटर की दूरी तय करने के बाद विश्राम करने लगता है। इस बीच 29 हाथियों की एंट्री कुदमुरा रेंज के गीतकुंआरी क्षेत्र में हो गई है। बड़ी संख्या में हाथियों के अचानक आने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। हालांकि हाथियों ने तत्काल कोई नुकसान नहीं पहुंचाया है फिर भी उत्पात की संभावना बनी हुई है। उधर कटघोरा वनमंडल के पसान व एतमानगर रेंज में मौजूद हाथियों द्वारा फसल को नुकसान पहुंचाए जाने का सिलसिला जारी है। यहां बड़ी संख्या में हाथी घूम रहे हैं जो दिन भर जंगल में रहने के बाद शाम होते ही बाहर निकलते हैं और खेतों में पहुंचकर वहां लगे अरहर व अन्य फसलों को उत्पात मचाकर नुकसान पहुंचा रहे हैं। हाथियों द्वारा लगातार फसलों को नुकसान पहुंचाए जाने से ग्रामीण बेहद परेशान हैं।



## डीएसपीएम की लाइन फूटी राखड़ से पटा इलाका

**कोरबा।** 500 मेगावाट उत्पादन क्षमता वाली डीएसपीएम बिजली घर की फ्लाईऐश पाइप लाइन रिस्दी-झगरहा के बीच एक स्थान पर फूट गई। इसके प्रभाव से प्रवाहित हो रहा लिक्विड राखड़ आसपास के बड़े हिस्से में फैल गया। इसके चक्कर में किसानों की फसल को नुकसान पहुंचा है। बताया गया कि पाइप लाइन में इस प्रकार की समस्याएं तब आती है जब मेंटेनेंस के नाम पर खानापूर्ति की जाती है।

### तारा घाटी में दो वाहनों की भिड़ंत, एक की मौत



**कोरबा।** बिलासपुर-अंबिकापुर मार्ग के मोरगा थाना क्षेत्र में आज सुबह-सुबह एक भीषण सड़क हादसा हो गया. तारा घाटी के पास पिकअप वाहन और डीजल ट्रक की आमने-सामने हुई जोरदार भिड़ंत में पिकअप ड्राइवर की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे में पिकअप में सवार चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि ट्रक ड्राइवर को भी चोटें आई हैं. राहत की बात यह रही कि इस दुर्घटना में गाड़ियों में कोई आग नहीं लगी. डीजल टैंक में डीजल होने से बड़ी आगजनी भी होने की संभावना थी, जो टल गई। घटना की सूचना मिलने के बाद मोरगा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा. इसके साथ ही मर्ग कायम कर आगे की कार्यवाही कर रही है।

## तापमान गिरने से सर्द हुई रातें, आज से नगर निगम भीड़भाड़ वाले रास्तों पर करेगा आग की व्यवस्था

**कोरबा।** वर्ष 2024 में रिकॉर्ड बारिश के साथ अब ठंड भी कदमताल करती नजर आ रही है। दिसंबर की विदाई से पहले ठंड के तेवर लोगों को परेशान करने में लगे हैं। कोरबा जिले में दिन का तापमान 23 डिग्री के आसपास है तो रात का तापमान 15 डिग्री के आसपास पहुंच गया है । कोरबा की जलवायु के हिसाब से मौसम का रुक लोगों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है नगर निगम ने इस बात को ध्यान में रखा है और आज से ही सभी 6 जून के अंतर्गत कई चौराहा और भीड़भाड़ वाली जगह पर रात में अलाव की व्यवस्था करना सुनिश्चित किया है।

गर्मी के दिनों में अधिकतम तापमान को लेकर कोरबा क्षेत्र में समस्याएं रहती हैं और अब ठंड के सीजन में भी हाल कुछ ऐसा ही है। न्यूनतम तापमान में लगातार घटत होने से मुश्किलें बढ़ रही हैं। पिछले 4 दिन से महसूस किया गया है कि न्यूनतम तापमान में काफी गिरावट दर्ज हुई है। पेंड्रा, जशपुरनगर और अंबिकापुर के बाद अब न्यूनतम तापमान की कड़ी में कोरबा का नाम शामिल हो रहा है। सुबह 10 बजे तक



कोरबा में लोग ठंड का एहसास कर रहे हैं लेकिन इसके बाद भुवन भास्कर की मेहरबानी कुछ घंटे हो रही है। जबकि 4 के बाद से हवाओं का रुख बदल जाता है और फिर रात्रि में स्थितियां सबसे अलग हो रही है। विभिन्न क्षेत्रों में इस मौसम में हो रही घटनाओं को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका निगम ने सुनिश्चित किया है कि आज यानी शनिवार से ही विभिन्न क्षेत्रों में लोगों की सहूलियत के लिए अलाव जलाए जाएंगे। नगर निगम कमिश्नर आशुतोष पांडे ने बताया कि एक दिन पहले ही इस बारे में विचार मंथन किया गया कई स्थानों से सूचना पहुंची। लोगों ने भी ध्यान आकर्षित कराया है। पहले के वर्षों की तरह इस बार भी नगर निगम अपने 6 जोन के अंतर्गत आने वाले वार्डों में उन स्थानों को आईडेंटिफाई करते हुए अलाव जलाएगा, जहां पर रात्रि में अलग-अलग कारण से लोगों का आना-जाना होता है और वह कुछ घंटे यहां पर मौजूद की दर्शाते हैं। नगर निगम का उद्देश्य ठंड के मौसम में लोगों को परेशानियों से बचने का है। आयुक्त ने बताया कि जब तक ठंडी का असर सामान्य से काम के स्तर पर नहीं आएगी, हमारी व्यवस्था जारी रहेगी।

### बांकीमोंगरा के लिए अश्विनी की पहल



जिले के कोयलांचल बाकी मोगरा में भी ठंडी के आसार ने लोगों के लिए दुश्वारियां को बढ़ाया है। इस इलाके में कुछ कोयला खदान संचालित है और कुछ बंद हो गई हैं जबकि आसपास का बड़ा हिस्सा जंगलों से आता पड़ा है। नदी नाले भी पर्याप्त संख्या में है। मौसम चक्र के मामले में उनकी भूमिका होती है। नगर पालिका परिषद बाकी मोगरा के सदस्य अश्वनी मिश्रा ने ठंड को देखते हुए पूरे इलाके में रात्रि काल में अलाव की व्यवस्था कराई जाए उन्होंने इस संबंध में के म्युनिसिपल ऑफीसर को पत्र लिखा है और जरूरी इंतजाम करने को है।

### विज्ञान प्रदर्शनी में छात्रों ने दिखाई क्षमता

**कोरबा।** ट्रांसपोर्ट नगर स्थित रिलायंस हायर सेकेंडरी स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। विज्ञान की विभिन्न खोज पर आधारित मॉडल का प्रदर्शन विद्यार्थियों ने किया और अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा का परिचय दिया। विद्यालय के शिक्षकों और अतिथियों में मॉडल का अवलोकन करने के साथ उनके बारे में छात्रों से सवाल किया। छात्रों के जवाब ने निरीक्षण टीम को संतुष्ट किया। विद्यालय परिवार ने बताया कि वैज्ञानिक अभिरुचि को बढ़ावा देने के लिए इस प्रकार के प्रयास जरूरी होते हैं और हम इसे लगातार बढ़ा रहे हैं। कहा गया कि स्कूल स्तर में होने वाली प्रदर्शनी से विद्यार्थियों को नए मंच मिलते हैं और वह अपने काम और नाम को आगे बढ़ाने में सफल होते हैं।










स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com